www.navpradesh.com
रायपुर, सोमवार 20 सितंबर 2021, शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-219 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नव प्रदेश

आज बेबाक

क्रिकेट की तरह पालिटिक्स भी अनिश्चितताओं का खेल है। कोई क्रिकेटर यदि राजनीति में आ जाए तो मैच और रोमांचक हो जाता है। नवजोत सिंह सिद्धु ने तो करेला उपर से नीम चढ़ा वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए अपनी ही टीम के कैप्टन को आउट करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। उन पर आरोप रूपी बाउंसर पर बाउंसर फेके लेकिन अनुभवी खिलाड़ी कैप्टन अमरिंदर सिंह पिच पर टिके रहे। आखिरकार सिद्धु ने उन्हें रन आऊट कराकर ही दम लिया। पंजाब के नये कैप्टन को छोटी सी पारी खेलने को मिलेगी। और सिद्धु से भी बचना होगा।

मुख्यमंत्री का मेगा लोकार्पण-भूमिपूजन, 27 जिलों में 2834 करोड़ की सौगात

सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं के साथ ही अधोसंरचनाओं के निर्माण पर भी तेजी से हो रहा काम : भूपेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए राज्य के 27 जिलों को कुल 2 हजार 834 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पौने तीन साल के दौरान कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन सहित बहुत सारी चुनौतियां सामने आयी। इसके बावजूद भी छत्तीसगढ़ में विकास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य में सड़क नेटवर्क को मजबूती मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग के 2708 करोड़ की लगात वाले कार्यों के अलावा अन्य विभागों के 69 कार्यों का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है, जिनकी लागत 125.65 करोड़ रुपए है। इनमें ऐसे निर्माण कार्य शामिल है, जिनकी वर्षों से मांग रही है। हम सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं की तरह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़कों की मरम्मत होगी

मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि अधोसंरचना निर्माण के काम तेजी से कराए जा रहे हैं। सड़कों के साथ-साथ पुल-पुलियों के निर्माण को विशेष प्राथमिकता से कराया जा रहा है, ताकि लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके। धरसा योजना की तैयारी तथा विभाग की कार्य योजना का जानकारी भी दी और कहा कि स्वीकृत सड़कों के निर्माण के साथ-साथ आने वाले वर्षों में राज्य में तीन हजार किलोमीटर लंबी सड़कों की मरम्मत कराया जाना है।

जिलों को मिली निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात

जिला	लागत	कार्यों की संख्या	जिला	लागत	कार्यों की संख्या
कोरिया	95.70	27	धमतरी	144.61	01
सूरजपुर	60.69	13	बालोद	195.72	15
बलरामपुर	117.18	14	दुर्ग	115.11	15
सरगुजा	99.07	09	बेमेतरा	152.83	24
जशपुर	27.53	06	कवर्धा	130.19	10
रायगढ़	203.04	11	राजनांदगांव	145	31
कोरबा	109.11	06	कांकेर	168.21	26
जीपीएम	23.95	03	कोंडागांव	49.47	11
मुंगेली	50.40	08	नारायणपुर	52.87	14
बिलासपुर	26.04	05	बस्तर	139.12	29
महासमुंद	102.12	16	दंतेवाड़ा	29.99	03
बलौदाबाजार	182.40	34	बीजापुर	10.92	02
रायपुर	271.32	41	सुकमा	78.44	11
गरियाबंद	53.33	06			

नोट: लागत करोड़ों में

खास-खबर

पूर्व मंत्री भाटिया ने लगाई फांसी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व परिवहन मंत्री रजिंदर पाल सिंह भाटिया ने रविवार को देर शाम आत्महत्या कर ली। राजेंद्र पाल भाटिया की खुदकुशी से छुरिया नगर सहित प्रदेशभर में शोक की लहर है। छुरिया निवासी रजिंदर पाल सिंह भाटिया अपने निवास स्थान पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का वास्तविक कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि भाटिया कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बीते दिनों में वे कोविड संक्रमित होने के बाद स्वस्थ्य हो गए थे, पेट दर्द से भी परेशान थे। भाटिया भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में माने जाते हैं। भाटिया भाजपा के प्रथम कार्यकाल (2003-2008) में परिवहन मंत्री थे।

रंधावा से कन्नी, सीएम बने चन्नी

आज सुबह 11 बजे लेंगे शपथ, सुखजिंदर और ब्रह्म मोहिंद्रा को उप मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा

जांलधर। कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के 24 घंटे बाद आखिरकार पंजाब के नए मुख्यमंत्री का नाम तय हो गया। कांग्रेस चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब का नया मुख्यमंत्री घोषित किया गया। पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने ट्वीट कांग्रेस विधायक दल का नेता चुनने की जानकारी दी। इससे पहले मुख्यमंत्री के लिए सुखजिंदर सिंह रंधावा (सुक्खी) के नाम पर सहमति बन गई थी, लेकिन नवजोत सिद्धू उनके नाम पर राजी नहीं थे। सिद्धू ने खुद को सीएम बनाने का दावा ठोंका था, लेकिन वे पंजाब कांग्रेस के प्रधान हैं, इसलिए हाईकमान ने उनके नाम को हरी झंडी नहीं दी। इसके बाद सिद्धू खेमे ने दलित मुख्यमंत्री बनाने की बात कही। सिद्धू की तरफ से चन्नी का नाम रखने के पीछे खास वजह है। दरअसल, सिद्धू ऐसा सीएम चाहते हैं जो उनकी बात सुने, लेकिन सुखजिंदर रंधावा का स्वभाव उस तरह का नहीं है। अंत में कांग्रेस हाईकमान ने सुखजिंदर रंधाना से कन्नी काटकर चरणजीत सिंह चन्नी के नाम पर मुहर लगा दी। चन्नी के कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद कांग्रेस के प्रभारी हरीश रावत उन्हें लेकर राज्यपाल से मिलने पहुंचे। नवजोत सिंह सिद्धू और सुखजिंदर सिंह रंधावा भी उनके साथ गए। इस मुलाकात के बाद चरणजीत चन्नी ने कहा कि सोमवार सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण होगा। खबर है कि सुखजिंदर रंधावा और ब्रह्म मोहिंद्रा को डिप्टी सीएम बनाया जाएगा।

मंत्री व नेता विपक्ष रह चुके चन्नी

चरणजीत सिंह चन्नी कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार में मंत्री रहे है। चन्नी नेता विपक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कैप्टना के खिलाफमोर्चा खोला था। अमरिंदर सिंह के खिलाफअगस्त में हुई बगावत की अगुआई करने वालों में चन्नी प्रमुख थे। उन्होंने कहा था कि पंजाब के मुद्दों को हल करने के लिए हमें अमरिंदर पर भरोसा नहीं रहा। चरणजीत सिंह चन्नी चमकौर साहिब से लगातार 3 बार विधायक बने। 2007 में उन्होंने निर्दलीय चुनाव जीता था। इसके बाद 2 बार कांग्रेस की टिकट पर स्रुबने। 2015 से 2016 तक पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता रहे। 2017 में कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार में उन्हें टेक्निकल एजुकेशन और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग मंत्री बनाया गया था।

अंबिका सोनी ने ठुकराया पद

अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद पंजाब के अगले मुख्यमंत्री के रूप में अंबिका सोनी का नाम सबसे आगे चल रहा चल रहा था। कांग्रेस हाईकमान भी उनके हाथों में ही पंजाब की कमान सौंपना चाहता था, उन्होंने सीएम का पद ठुकरा दिया और किसी सिख को ही मुख्यमंत्री बनाने की सलाह दी। इसके बाद सुनील जाखड़ का नाम आगे आया, उन पर सहमति नहीं बनी तो कांग्रेस विधायक सुखजिंदर सिंह रंधावा के नाम पर सहमत थे, लेकिन सिद्धू खेमा इसके खिलाफ थे। सिद्धू खुद मुख्यमंत्री बनने का दावा ठोक चुके थे, लेकिन पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते हाईकमान को ये दावा सही नहीं लगा। सिद्धू ने अपना नाम खारिज होने के बाद दलित चेहरे की मांग की। चंडीगढ़ के होटल में ऑब्जर्वर अजय माकन, हरीश चौधरी और पंजाब कांग्रेस इंचार्ज हरीश रावत कांग्रेस हाईकमान से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर रहे थे। यहां कांग्रेस के कई विधायक भी पहुंच चुके थे। मीटिंग में हाईकमान सुखजिंदर रंधावा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोंडागांव में हादसा : स्कार्पियो और ऑटो की टक्कर, 9 की मौत

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। स्कॉर्पियो और ऑटो के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में नौ से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रायपुर रेफर किया गया। हादसा कोंडागांव जिले के बोरगांव के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक, एक ही परिवार के 16 लोग ऑटो से जा रहे थे। इसी दौरान झारखंड से जगदलपुर जा रही स्कॉर्पियो ने ऑटो को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सभी ऑटो सवार पांडे आठगांव से गोड़मा जा रहे थे। ऑटो में महिला-बच्चों समेत 16 लोग सवार थे। इधर, स्कॉर्पियो में भी कुछ लोग सवार थे। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कॉर्पियों और ऑटो के परखच्चे उड़ गए। मरने वालों में कुछ महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए पहले फरसगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां से घायलों की स्थिति देखते हुए रायपुर भेजा गया। मृतकों में रैनू, हीरासिंह, बुधनी (महिला), विजय, जग्गो (महिला), सुमोती (महिला), मुनी (बच्चा), महंगू प्रधान आटो चालक शामिल है।

ऑटो में 16 लोग थे सवार

पांडे आटगांव के नेताम-मरकाम परिवार के महिलाएं, बच्चे और पुरुष एक गमी के कार्यक्रम में पास के ही गांव गोड़मा गए थे। ये लोग दोपहर उस कार्यक्रम से लौट रहे थे। इस समय ऑटो में चालक सहित कुल 16 लोग थे। ओवरलोड ऑटो जैसे ही बोरगांव पुलिस ट्रेनिंग कैंप के सामने पहुंचा। चालक ने सीधे हाथ की दिशा में मोड़ने की कोशिश की। ऑटो में इतने लोग होने के कारण उसका नियंत्रण छूट गया और वह सीधे सड़क के बीच आ गया। इसी दौरान जगदलपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो के चालक को कुछ समझ में आता भिड़ंत हो चुकी थी।

धर्मान्तरण के विरोध में भाजपा ने निकाली प्रभात रैली, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

रायपुर (नवप्रदेश)। धर्मांतरण के विरोध में बीजेपी नेताओं ने रायपुर के प्रभात फेरी निकाली। बीजेपी का आरोप है कि राज्य सरकार ने धर्मांतरण मामले पर एकपक्षीय कार्रवाई की है। रैली को लेकर रायपुर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि धर्मांतरण को लेकर शहर की जनता आक्रोशित है, इसलिए भूपेश सरकार के विरोध में रवीवार को शहर के सभी 70 वार्डों में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों तक यह संदेश देना चाहते हैं कि किसी भी धर्म का अपमान ना करें और किसी का भी धर्म परिवर्तन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धर्मान्तरण के विरोध में कांग्रेस का जवाब

धर्मांतरण के मुद्दे पर भाजपा के द्वारा निकाली गई रैली पर प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस मोहन मरकाम ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास अब कोई और मुद्दा नहीं रहा। यही कारण है कि अब धर्मांतरण को ही मुद्दा बनाकर भाजपा आम लोगों तक पहुंचना चाह रही है। प्रदेश की जनता भाजपा से पूछ रही है कि 15 साल तक सत्ता में काबिज रहते हुए धर्मांतरण के कितने मामले दर्ज किए गए और धर्मांतरण के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर पुलिस ने गुंडों का निकाला जुलूस

■ **पुराने झगड़े का बदला लेने युवक के सिर पर टिकाया कट्टा फिर मारा चाकू**

रायपुर (नवप्रदेश)। चाकू और कट्टे की नोक पर हमला करने वाले दो बदमाशों का पुलिस ने जुलूस निकाला। मामला राजधानी रायपुर के खमतराई का है। जहां शनिवार शाम तीन युवकों ने पुराने झगड़े का बदला लेने के लिए एक युवक पर हमला कर दिया था। पुलिस ने दो आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया, जबकि इस मामले में एक आरोपी फरार है। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात भनपुरी के जूट मिल इलाके के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धार्मिक — चारधाम यात्रा : चाय से चौपर तक बढ़ी रौनक, 6 यात्रियों ने किए दर्शन

बद्रीनाथ धाम के लिए हेली सेवा शुरू

उतराखंड (ए.)। हाईकोर्ट नैनीताल की रोक हटाने के बाद शनिवार से शुरू हुई चारधाम यात्रा के तहत बदरीनाथ, हेमकुंड यात्रा पर धीरे-धीरे रौनक शुरू होने लगी है। रविवार को बद्रीनाथ धाम के लिए हेली सेवा भी शुरू हो गयी है। इस हेलीकॉप्टर से 6 तीर्थ यात्रियों ने बदरीनाथ धाम में दर्शन किए। हैरिटेज एविशन के कार्डिनेटर विकास जुगरान ने बताया कि हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ आ रहे यात्री अपने साथ डब्बल डोज वैक्सीनेशन व 72 घंटे पूर्व की गयी आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट लेकर आ रहे हैं। चारधाम यात्रा से

चाय से लेकर चौपर (हवाई) सेवा के माध्यम से कई लोगों का रोजगार जुड़ा है। इस यात्रा पर पांडुकेश्वर के चाय पकौड़ी के दुकानदार कहते हैं कि यात्रियों के आने से हमारा भी रोजगार चलेगा। इसी तरह रुद्रनाथ के पैदल मार्ग पर खच्चर सुविधा की सेवा दे रहे जीत सिंह कहते कि सड़क से अलग तीर्थ मंदिरों के दर्शन के लिये यात्रियों के आने से दो चार रुपये हमें भी मिल जाते हैं।

चारों धामों में बढ़ रही तीर्थ यात्रियों की संख्या

चारों धामों में आज अपराह्न तक 1267 तीर्थ यात्री पहुंचे। जिसमें से श्री बदरीनाथ धाम में 368, श्री केदारनाथ धाम 536 तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए। श्री गंगोत्री में 275 तथा यमुनोत्री धाम में 88 तीर्थ यात्रियों ने दिन तक दर्शन किए। गोविंद घाट गुरुद्वारा से सरदार सेवा सिंह ने देवस्थानम बोर्ड को बताया कि पवित्र गुरूद्वारा हेमकुंड साहिब लोकपाल तीर्थ में आज 72 श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचे।

यहां पंजीकरण जरूरी है

चारधाम यात्रा को उत्तराखंड से बाहर के श्रद्धालुओं को देहरादून स्मार्ट सिटी पोर्टल http:// smartcity dehradun.uk.gov.in में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। ई पास को देवस्थानम बोर्ड की वेबसाइट www.devasthanam.uk.gov.in या http:// badrinah-Kedarnath. uk.gov.in प्रत्येक श्रद्धालु को कोविड नेगेटिव रिपोर्ट अथवा वैक्सीन की डबल डोज लगी होने का सर्टिफिकेट जमा करना है। उत्तराखंड प्रदेश के लोगों को स्मार्ट सिटी पोर्टल में पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है।

न्यूज गैलरी

सीएम ने की भगवान गणेश की पूजा अर्चना

भिलाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनंत चतुर्दशी के अवसर पर अपने भिलाई निवास में विराजे भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख, समृद्धि की मंगल कामना की।

महिला चेंबर की पहली बैठक संपन्न

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई प्रदेश महामंत्री अजय भसीन एवं भिलाई अध्यक्ष तथा दुर्ग संभाग प्रभारी गारगी शंकर मिश्र के नेतृत्व में शहर महिला इकाई की टीम सामाजिक एवं व्यापारिक कार्यक्रम में हमेशा सक्रिय रहती है। इसी कड़ी में महिला चेंबर की पहली बैठक एवं विश्वकर्मा पूजा, महिला चेंबर की अध्यक्षा सरोजिनी पाणिग्रही के औद्योगिक संस्थान मेसर्स सरोज इंडस्ट्रीज में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्षा गीता वर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में बाबा विश्वकर्मा की पूजा की गई। तत्पश्चात भिलाई इकाई अध्यक्ष सरोजिनी पाणिग्रही ने चेंबर की गतिविधियों की जानकारी दी एवं नए सदस्यों से परिचय करवाया गया। महामंत्री सुमन कन्नौजे ने महिला इकाई के नियमों की जानकारी देते हुए सर्वसम्मति से हर महीने की तीसरे शनिवार को बैठक करना तय किया। सभी मेंबर्स के उपस्थिति में भावी योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में रश्मि वर्मा, सानू मोहन, उर्वशी दास, पुष्प लताकर, विजयलक्ष्मी साह, सविता शर्मा, माधुरी पाराशर, टीना सातपुते, सुनीता सिन्हा, मनीषा रामानी एवं अनेक महिला सदस्य उपस्थित रहे।

महाआरती में शामिल हुए महापौर

दुर्ग। सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा 56 वे गणेशोत्सव वार्ड 07 में महापौर धीरज बाकलीवाल ने श्री गणेश पंडाल महाआरती में पहुँचकर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की। इस मौके पर स्थानीय पार्षद मनदीप सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद आशुतोष सिंह राणा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष फ्तेह सिंह भाटिया, समिति संरक्षक सदस्य राजेंद्र रामटेके, दिनेश नलोडे, दानेश्वर वर्मा, कौशल किशोर सिंह, कृष्ण सोनी, प्रवीण सोनी, खिलेंद्र परगनिहा, रूपेश सोनी, अनुराग मिश्रा, कमल सोनी, गिरीश साहू, सत्येंद्र भारद्वाज, नरेंद्र अग्रवाल, रितुराज सोनी, गितांश नायडू, राम मिश्रा, प्रभात तिवारी एवं समिति के सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे। महापौर बाकलीवाल श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि की प्रार्थना की गई। इस कार्यक्रम के मौके पर उन्होंने नागरिको से अपील करते हुए कहा कोरोना महामारी से बचने के लिए सुरक्षा कवच वैक्सीन लगवाए और समय समय पर सेनेटाइजर का उपयोग अवश्य करें मास्क लगाए सुरक्षित रहे।

पीएचई मंत्री ने मरार पटेल समाज के भवन का किया भूमिपूजन

दुर्ग। कोसरिया मरार पटेल समाज की महिलाओं के द्वारा आज तीज समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पीएचई मंत्री श्री गुरु रूद्र कुमार भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कोसरिया पटेल समाज हेतु साढ़े छह लाख रुपये की लागत से बनने वाले भवन का भूमिपूजन किया। भवन भिलाई-3 में बनेगा। इस मौके पर अपने संबोधन में पीएचई मंत्री ने कहा कि तीजा हमारी छत्तीसगढ़ की महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार है। महिलाएं इस अवसर पर पूरे आनंद से उत्सव का आनंद उठा पाए। कामकाजी महिलाओं को इसके लिए अवकाश मिले। उनके भाइयों को उन्हें लाने के लिए अवकाश मिले। इसके लिए हमारी सरकार ने तीजा पर अवकाश दिया, महिलाओं के सरोकारों पर ध्यान रखने वाली हमारी छत्तीसगढ़ सरकार है।

अमृत मिशन के कार्यो का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

दुर्ग। नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा अमृत मिशन के अंतर्गत कसारीडीह वार्ड 41 एवं पद्मनाभपुर वार्ड 46 जनता मार्केट के पास चल रहे रोड रेस्टोरेशन कार्य तथा पद्मनाभपुर में निर्माणाधीन ओव्हर हेड टेंक का निरीक्षण किया। वार्ड 41 कसारीडीह में कार्य ऐजेंसी मेर्सस लक्ष्मी कॉन्ट्रेक्शन द्वारा रोड रेस्टोरेशन कार्य मानक अनुरूप नहीं किया जा रहा था। एंजेसी को मापदंड के अनुसार 10 इंच मोटा ढलाई किये जाने के लिए निर्देशित किया गया था। जबकि जांच में 08 इंच की ढलाई पाया गया।



जिस पर आयुक्त ने एजेंसी एवं उप अभियंता को फटकार लगाई एवं एजेंसी द्वारा उस स्थल पर किए गए कार्य को उखाड़ कर मानक अनुसार नये सिरे से कार्य करने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य कराने के कारण एजेंसी एंव सब इंजीनियर को नोटिस जारी किया गया। आयुक्त द्वारा पद्मभपुर में निर्माणाधीन ओव्हर हेड टेंक के कार्य एजेंसी मेर्सस कारीवाला ब्रदर्स को निर्माण कार्य में गति लाने एवं शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। अमृत मिशन द्वारा शहर में जिन-जिन स्थानों पर नया पाइप लाइन बिछाया गया है एवं नए पाइप लाइन में घर-घर नल कनेक्शन शिफ्ट किया जा चुका है। उन स्थानों पर बिछी हुई पुरानी पाइप लाइन को तत्काल डिशकनेक्ट करने के लिए कार्यपालन अभियंता एवं एजेंसी को निर्देश दिए गए। स्थल निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता एवं नोडल अधिकारी राजेश पांडे, सह नोडल अधिकारी, उप अभियंता भीमराव कार्य एजेंसी मेर्सस लक्ष्मी कन्ट्रक्शन के मैनेजर मनोज सिंह, इंजीनियर, कपिश दीक्षित एवं पीडीएमसी के इंजीनियर विजेन्द्र चौहान उपस्थित थे।

आयुक्त के निर्देश पर लगा जुर्माना

दुर्ग। निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने निगम आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा वार्डो में औचक निरीक्षण किया जा रहा है। रविवार को आयुक्त सुबह 6 बजे वार्ड क्रमांक 23 मालवीय नगर दीपक नगर वार्ड की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पैदल ही निकल गए। निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी अशोक डहरिया एवं अशोक करीयार के द्वारा काम को देरी से शुरू करने के कारण आयुक्त ने दोनों कर्मचारी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को दिए। वार्ड भ्रमण के दौरान साफ सफाई ठीक नहीं पाये जाने एवं कचरों का ढेर एवं मलबा नहीं उठने पर स्वच्छता निरीक्षक राजेन्द्र सराठे एवं सुपरवाइजर कमल नारायण निषाद को नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल मलबा एवं कचरा उठाने के निर्देश दिए, साथ ही भ्रमण के दौरान पांच जगहों पर मलबा एवं कचरा डाला गया था, जिस पर फाइन लगाने के लिए आदेशित किया गया।

मनीषा को मिला तीज क्वीन का खिताब

महिला ब्राम्हण समाज के तीज उत्सव में बिखरी खुशियां

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला छग महिला ब्राह्मण समाज के तीज मिलन समारोह में जमकर खुशियां बिखरी। पदमनाभपुर विवेकानंद भवन के सभागार में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतिया, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं तीज क्वीन प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें महिलाओं ने खुशियों के प्रतीक लाल रंग का वेशभूषा धारण कर उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। तीज क्वीन मनीषा तिवारी चुनी गई।

वहीं प्रतियोगिता में द्वितीय मंजूलता मिश्रा व तृतीय स्थान मीना शर्मा ने प्राप्त किया। तीज मिलन समारोह में विधायक अरुण वोरा की पत्नी मंजू वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल की पत्नी श्वेता बाकलीवाल एवं स्वरूपानंद कॉलेज हुडको की प्राचार्य हंसा शुक्ला ने बतौर अतिथि शामिल होकर ब्राह्मण समाज की महिलाओं का हौसला बढ़ाया। श्रीमती वोरा एवं श्रीमती बाकलीवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि तीज मिलन खुशियों का पर्व है। यह पर्व हमें प्रेम व एकजुटता की सिख देता हैं। जो ब्राह्मण महिला समाज के समारोह में स्पष्ट नजर आ रहा हैं। ऐसे आयोजन होते रहना चाहिएए जिससे हमारी परंपराएं निरंतर आगे बढ़ते रहेगी। इसके पहले अतिथियों एवं समाज के सभी सदस्यों का आशा चौबे, भारती दीवान व प्रभा शर्मा ने पारंपरिक ढंग से कुमकुम लगाकर स्वागत किया। समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं अतिथियों का सम्मान पौधा भेंट कर किया गया। समारोह का संचालन अपर्णा तिवारी एवं आभार प्रदर्शन शीला चौबे ने किया। इस अवसर पर दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष अनीता पांडेय, सचिव शीला चौबे, संरक्षक पदमा तिवारी, अनीता तिवारी, भारती दुबे, उपाध्यक्ष संगीता शर्मा, अनीता पांडेय, कोषाध्यक्ष मिली शर्मा, सह. कोषाध्यक्ष रानी उपाध्याय, सह. सचिव किरण मिश्रा, मीडिया प्रभारी तनु मिश्रा, संगठन सचिव विजय लक्ष्मी दुबे, संगीता मिश्रा, आशा शर्मा, रंजना शर्मा, सांस्कृतिक सचिव सुषमा तिवारी, ममता तिवारी, राजेश्वरी मिश्रा, दुलारी शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं शामिल हुई।

रजिस्ट्री पर रोक लगाने पंजीयक को लिखा पत्र

कृपाल नगर कोहका में अवैध प्लाटिंग पर कुछ दिन पूर्व हुई थी कार्रवाई

भिलाई/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत विशेष दस्ताए तोड़फोड़ दस्ता एवं जोन की टीम ने अवैध प्लाटिंग पर कृपाल नगर कोहका में कुछ दिन पूर्व विशेष दस्ता के नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त सुनील अग्रहरी के नेतृत्व में कार्यवाही की थी ! लगभग 1 एकड़ के प्लॉट में अवैध प्लाटिंग के उद्देश्य से मार्ग संरचना तैयार किया जा रहा था जिसे हटाया गया था और मुरूम की जब्ती की गई थी। कोहका पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 9 भूखंड खसरा क्रमांक 6810/3 एवं 6810/4 का कुल रकबा 0.360 हेक्टेयर पर बिना सक्षम अनुमति प्राप्त किए अवैध रूप से छोटे.छोटे भूखंडों में विखंडित कर अवैध प्लाटिंग करने को लेकर तथा अवैध रूप से भूमि का विखंडन तथा अवैध कॉलोनी का निर्माण करना नगरपालिका अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) का उल्लंघन निगम ने माना है इसलिए अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने खसरा क्रमांक 6810/3 एवं 6810/4 की रजिस्ट्री पर रोक लगाने पंजीयन कार्यालय को पत्र प्रेषित किया है। अपर आयुक्त द्विवेदी ने कहा कि अवैध प्लाटिंग के इस प्रकार के अन्य मामलों पर भी इसी तरह से कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने अवैध निर्माण, अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा पर कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जोन के अधिकारी को दिए हुए हैं जिसके परिपालन में ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगाने भिलाई निगम क्षेत्र में निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

पैरापेटवॉल निर्माण में अनियमितता पर भड़के आयुक्त

दुर्ग/नवप्रदेश। आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा निगम के छोटे बड़े समस्त प्रकार के कार्यो का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। आयुक्त द्वारा महापौर निधि के अंतर्गत वार्ड 43 में डेयरी के पास 2.5 लाख लागत राशि से नाले के ऊपर बने पुलिया एवं पैरापेटवॉल निर्माण का प्रभारी कार्यपालन अभियंता जेके समैय्या, प्रभारी सहायक अभियंता आरके पालिया, उपअभियंता भारती ठाकुर के साथ निरीक्षण किया। पैरापेटवॉल निर्माण के लाईन एवं लेबल संबंधित अनियमितता पाये जाने पर आयुक्त द्वारा कार्य की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त किया। आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार संजीत कुमार सिंह को तत्काल नोटिस जारी करने एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य कराने के लिए कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिये।

आयुक्त सर्वे ने पथ वृक्षारोपण का लिया जायजा

भिलाई/ नवप्रदेश। कलेक्टर एवं निगम के प्रशासक डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर वन होम वन ट्री अभियान के अंतर्गत शहर में हरियाली के दायरे को बढ़ाने को लेकर की गई नगर पालिक निगम प्रशासन का प्रयास सफ्ल होती नजर आ रही है। शहर में हरियाली लाने के लिए निगम प्रशासन ने जहां सड़कों के किनारे की खाली जगहों पर पौधे रोपने का कार्य किया है। वहीं व्यापारीए सामाजिक संगठन और लोगों ने पौधे निगम से लेकर अपने घर और आसपास की खाली जगहों पर लगाए हैं। इस तरह से अब तक निगम क्षेत्र में अधिकतर पौधे रोपे जा चुके हैं। निगम प्रशासन ने इन लोगों से अपने घरों के आसपास के पौधों की देखभाल कर बड़ा करने का आग्रह किया है। निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने आज कुरूद रोड में किए गए पथ वृक्षारोपण का जायजा लियाए उन्होंने उपस्थित अधिकारी को निर्देश दिए कि पौधों की प्रारंभिक रूप में उचित देखभाल आवश्यक हैए पौधों के विकास के लिए दो से तीन साल का समय महत्वपूर्ण होता है इस दौरान नियमित रूप से खाद एवं सिंचाई की व्यवस्था होने से पौधे के बड़वार में सहायता मिलती है! इस वर्ष निगम ने अवंती बाई चौक से कुरूद रोड के प्रमुख सड़क के किनारे की खाली जगहों पर गुलमोहर, कोनोकार्पस, स्टोपीडिया, तपेदिया रोजा सहित अन्य प्रजाति के पौधे रोपे हैं और इनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे की ट्री गार्ड लगाई गई हैए बारिश नहीं होने पर विभागीय पानी टैंकर के माध्यम से सिंचाई की जा रही है। नेहरू नगर से डबरापारा खुर्सीपार तक नेशनल हाइवे के किनारे गुलमोहर, कंदब, स्टोपीडिया, तपेदिया रोजा, कपोप के पौधे पूर्व वर्ष लगाए गए हैं। जिसकी देखभाल व कई पौधे वृक्ष के रूप में तब्दील हो चुके हैं।

निगम अमला सक्रिय, वार्डो की जा रही निगरानी

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ते हुए डेंगू प्रभाव को देखते हुए आज निगमायुक्त हरेश मंडावी शनिवार को डाटा सेंटर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की आकस्मिक बैठक बुलाकर डेंगू रोकधाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा डेंगू से बचाव हेतु महासफाई अभियान सभी 60 वार्डों में डेंगू के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से अभियान निरन्तर जारी रखें। जिस में यहाँ सुनिचित किया गया कि स्वच्छता निरीक्षक सभी सफाई दरोगा और सभी सुपर वाइजर सभी वार्डो के सभी घरों में जाकर कूलरों का निरीक्षण बारीकी से जांच करेंगे। टंकियों की सफाई नालियों की सफाई उसमे टेमीफाम का छिड़काव करें और साफसफाई करवाए और जहाँ जहाँ रुका हुआ पानी है उसमें टेमीफास और जला हुआ ऑयल का छिड़काव निरन्तर करे। सभी वार्डो में नालियों की सफाई बेहतर करवा। जिससे कि नालियों में मच्छर न पनपने पाए। उन्होंने कहा कि समय समय पर वार्डो में व्यपाक फॉकिंग कराया जाए जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं के द्वारा की जाएगी। लगातार मॉनिटरिंग के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए और सभी स्वच्छता निरीक्षक सभी वार्डो में सतत मॉनिटरिंग करेगे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डेंगू से आमजन को बचाना हमारी प्राथमिकता है। जिसके लिए सभी 60 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से महा अभियान लगातर चलाया जा रहा। आम नागरिकों को डेंगू से बचाव हेतु अवगत कराएं की घर पर पानी भरकर न रखें। उन्होंने कहा प्रचार प्रसार हेतु वाहनों में व्यपाक स्तर मुनादी का कार्य करने के निर्देश दिए।

20 केंद्रों में वैक्सीन के 5400 डोज

दुर्ग/नवप्रदेश। आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर 20 सितम्बर के लिए टीका हेतु 20 वैक्सीनेशन सेंटर तैयार किए गए हैं जिसमें 18 प्लस एवं 45 प्लस आयु वर्ग के व्यक्तियों को कोविशेल्ड और को वैक्सीन की प्रथम एंव द्वितीय डोज लगाया। जिसमें महावीर कोविड् कोविड्शील्ड 400 एवं को वैक्सीन 300 डोज, यूपीएचसी धमधानाका कोविड्शील्ड 300 एवं को वैक्सीन 200 डोज, यूपीएचसी पोटियाकला कोविड्शील्ड 200 एवं को वैक्सीन 200 डोज, यूपीएचसी सामुदायिक भवन बघेरा कोविड्शील्ड 200 एवं को वैक्सीन 200 डोज, कुशाभाऊ ठाकरे कोविड्शील्ड 200 एवं को वैक्सीन 200 डोज, कृष्णा धर्मशाला कोविड्शील्ड 200 डोज, यादव छात्रावास कोविड्शील्ड 200 डोज है।

प्रभारी व अधिकारी ने खड़े होकर भरवाए गड्ढे

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम आम जनताओं को शहर में गड्ढो के कारण परेशानी को हो रहा थे इस विषय को लगातार संज्ञान में ला रहे है की शहर में बहुत गढ्ढे है आज विधायक अरुण वोरा के निर्देश पर महापौर धीरज बाकलीवाल सड़को पर गढ्ढे भरने का कार्य शुरू होने पर जायजा लेने पहुचेए बरसात के चलते गढ्ढे वाली जगह को भरते जा रहे थे उसके बाद भी बारिश होने के कारण गढ्ढे वापस हो जा रहे थे। आज शहर के गड्ढे वाले सड़को पर गढ्ढे भरने का कार्य शुरू कर किया गया है। महापौर बाकलीवाल ने लोककर्म प्रभारी अब्दुल गनी, पार्षद प्रकाश जोशी, कार्यपालन अभियंता जितेंद्र समैया के साथ खड़े होकर कई स्थानों पर गढ्ढे भरवाए। महापौर ने गढ्ढे पाटने को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी जाते हुए कहा कि गड्ढो से आये दिन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे लगातार शिकायत मिलने के बाद आज गढ्ढे पाटने का काम शुरू किया गया है। मालवीय नगर चौक से दीपक नगर स्टेशन रोड समेत अन्य जगहों पर ट्रेक्टर ट्राली में गढ्ढे भरने का सामग्री रखकर गढ्ढे भरे जा रहे है। जायजा के दौरान महापौर ने निर्देश देते हुए कि सड़को में सभी गड्ढो को अच्छी तरीके से भरें ताकि बारिश होने पर भी वहाँ दोबारा गढ्ढा न हो। उन्होंने कहा कि शहर में करोड़ो की राशि से विकास कार्य कराये जा रहे है, विधायक अरुण वोरा द्वारा इस बात को लगातर संज्ञान में लाया जा रहा था कि शहर जहाँ जहाँ गढ्ढे है। इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सड़को में सभी गड्ढो को अच्छी तरीके से भरें ताकि बारिश होने पर भी वहाँ दोबारा गढ्ढा न हो।

संजीवनी... स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डा. अभिलाषा मिश्रा की देखरेख में हुआ इलाज

एसआर हॉस्पिटल ने फिर दिया जीवनदान, गंभीर महिला की बचाई जान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। धमधा रोड चिखली दुर्ग स्थित एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने फ्रि एक मरीज को जीवनदान दिया है। हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने गंभीर रूप से भर्ती महिला की जान बचाई। एसआर हॉस्पिटल पहुंचने पर महिला का इलाज स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिलाषा मिश्रा पाणीग्रही की देखरेख में हुआ। अब महिला पूरी तरह से स्वस्थ है और अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव निवासी मरीज श्रीमती सुनिता तिवारी उम्र 40 वर्ष अत्यंत ही गंभीर स्थिति में एसआर हॉस्पिटल चिखली दुर्ग में ईलाज के लिए पहुंची थी। मरीज को तत्काल स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिलाषा मिश्रा पाणीग्रही द्वारा देखा गया। मरीज के परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मरीज के पेट के निचले हिस्से में बहुत ज्यादा दर्द है एवं योनि मार्ग से निरंतर रक्त का स्राव हो रहा था। जिस कारण मरीज के शरीर में खून की कमी हो गई थी। मरीज को चक्कर आ रहा था व मरीज को लगातार उल्टियां भी हो रही थी। जिस कारण मरीज की स्थिती अत्यंत ही गंभीर हो गई थी। डिटेल हिस्ट्री लेने से पता चला कि मरीज को 1 महीने से माहवारी नहीं आया था जिसके बाद तत्काल यूपीटी टेस्ट करवाया गया।

टेस्ट में यूपीटी पोजिटिव मिला उस दौरान महिला मरीज का बीपी बहुत कम हो गया था। मरीज की तत्काल सोनोग्राफी जांच कराई गई। जिसकी रिपोर्ट में पाया गया कि महिला का गर्भ सामान्य जगह बच्चेदानी में न होकर बच्चेदानी के बाहर नस फेलोपियन ट्यूब में फ्सा हुआ था। फ्रि मरीज को तत्काल इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया एवं ब्लडींग रक्त स्राव को कंट्रोल किया गया। मरीज को तत्काल 2 यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। एवं तत्काल एक टॉपिक प्रेग्नेंसी का ऑपरेशन किया गया।

ऐसे केस बहुत कम देखने को मिले हैं : डॉ. मिश्रा

डॉ. अभिलाषा मिश्रा पानीग्रही ने बताया कि इस प्रकार के क्रिटीकल केश बहुत कम देखने को मिलता है। मैंने अपनी प्रेक्टिस के दौरान यह दूसरा केश देखा है। बहुत ही जटिल ऑपरेशन के बाद मरीज की जान बचाई जा सकी। डॉक्टर अभिलाषा मिश्रा पानीग्रही ने बताया मेरे मरीज की सही बीमारी को पकड़ा गया जिससे की तत्काल मरीज की जान बचाई जा सकी।

संजीवनी की तरह कार्य कर रहा एसआर हॉस्पिटल

एसआर हॉस्पिटल चिखली दुर्ग क्षेत्रवासियों के लिए संजीवनीं का कार्य कर रहा है। अस्पताल में एडवांस ट्रामा यूनिट में अस्थि व वात रोग विशेषज्ञ, जीआई सर्जन, प्लास्टिक सर्जन, कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जन, न्यूरो सर्जन, न्यूरो फिजीशियन, मैंकजीलो फेशियल सर्जन अपनी सेवाएं 24 घंटे प्रदान कर रहे हैं। गंभीर मरीज के लिए आईसीयू की सुविधा भी उपलब्ध है। इस ऑपरेशन में डा. अभिलाषा मिश्रा पाणीग्रही, डॉ. धरमवीर चंद्राकर, मि. विजय गवांडे, हरी साहू, सीमा बरहरे, उमा साहू, आभा खूंटे, मनोहर व अन्य स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की है।

प्रनाम की पहल, वाजपेयी दंपत्ति ने लिया देहदान करने का निर्णय

दुर्ग/नवप्रदेश। मानवता की भलाई के लिए मरणोपरांत देहदान की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत करने वालों में दुर्ग के वाजपेयी दंपत्ति का नाम शामिल हो गया है। आदित्य नगर निवासी आशीष वाजपेयी एवं पत्नी रेखा वाजपेयी ने सामाजिक संस्था प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के बाद उनके माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की। एम्स रायपुर के नाम लिखी गई इस वसीयत के बारे में देहदानी आशीष वाजपेयी ने कहा कि हमारे मृत्यु के बाद समाज की भलाई के लिए कुछ काम आ सके इसी उद्देश्य से हम मानवधर्म का पालन करते हुए देहदान कर रहे हैं। देहदान की इस नेक पहल के दौरान उपस्थित जनों में केसवानी के अलावा देहदानी वाजपेयी दंपति की पुत्रियां तृप्ति और आदित्य वाजपेयी ने भी देहदान की काउंसलिंग के दौरान भावनात्मक योगदान दिया। प्रनाम के द्वारा 13 वर्षो से देहदान एवं नेत्रदान की पहल जारी है। प्रनाम की नेक पहल से अभी तक 1040 प्रबुद्धजन देहदान हेतु संकल्पित हो चुके हैं। 126 महामानवों के मरणोपरांत उनकी पार्थवी काया मानवता की भलाई के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों को समर्पित की जा चुकी है ।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202109101000087
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- रामकिशन मोदी अन्य 01
अनावेदक पक्षकार- अबू सईद अन्य 01

आवेदक श्री रामकिशन मोदी पिता स्व. लालूराम मोद निवासी सुंदर नगर भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 194/2 रकबा 0.210 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता अबू सईद पिता शमशीर आलम अन्य 01 निवासी शिवाजी नगर सुपेला भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री से आईडीबीआई के मुख्य महाप्रबंधक ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रविवार को उनके निवास कार्यालय में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) के अंचल प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक कुन्तल बिस्वास और बैंक के छत्तीसगढ़ प्रमुख एवं महाप्रबंधक राजेश मोहन झा ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में बैंक की गतिविधियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। इस अवसर पर बैंक के उप-महाप्रबंधक श्री विकास भारती तथा सहायक महाप्रबंधक प्रसून प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

ऑफिस में घुसकर कर्मचारी से मारपीट व तोड़फोड़, दो के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पण्डरी इलाके में ट्रेव्लस आफिस के अंदर घुसकर तोड़–फोड़ तथा आफिस में बैठे कर्मचारी के साथ मारपीट की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पण्डरी जगन्नाथ नगर रायपुर निवासी रवि कुमार कुम्हार 32 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह पण्डरी बस स्टैण्ड नवीन ट्रेव्लस में टिकिट बुकिंग का काम करता है। रविवार सुबह 11 बजे के करीब नवीन ट्रेव्लस के आफिस में बैठकर टिकिट बना रहा था, इसी दौरान मोहम्मद शाहीद एवं सलाउद्दीन ने अनावश्यक रूप से उसके साथ वाद विवाद कर गाली गलौच किया व जान से मारने की धमकी देते हुए डण्डे एवं लोहे की कोई वस्तु से मारपीट कर चोट पहुंचाया। आरोपियों ने ट्रेव्लस ऑफिस में रखे मानिटर को पटक कर तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

पान ठेले के पास डिलवरी ब्वाय को बाइक पार्क करना पड़ा मंहगा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कुशालपुर चौक के पास से जोमेटो कंपनी के डिलवरी व्याय का किसी ने बाईक व उसमें रखा मोबाइल तथा पर्स चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक हनुमान नगर पुरानी बस्ती में किराये के मकान में रहने वाले नोखलाल साहू 26 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी 18 सितंबर को रात्रि करीब 11/30 बजे जोमेटो डिलवरी काम समाप्त करके अपने घर आ रहा था तभी कार्नर हाउस रेस्टोरेन्ट के पास कुशालपुर में जय पान पैलेस के सामने अपनी बाइक अपाचे क्रमांक सीजी 23 के 1299 टाइटेनियम ग्रे रंग को खड़ी करके पास के पान ठेला में गया था। पान ठेला से कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो बाइक वहां पर नहीं थी। बाइक में ही चाबी लगी हुई थी बाइक की अनुमानित कीमत करीब 60,000/रूपयें है। बाइक के उपर हैंड रखा हुआ था जिसमे उसका रेडमी कंपनी का मोबाईल और पर्स में आईडी कार्ड, पांच बैक का एटीएम कार्ड भी था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कामय कर मामला दर्ज कर लिया है।

तिरंदाजी प्रतियोगिता, विजेताओं का अतिथियों ने किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित बूढ़ा तालाब आउटडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ द्वारा राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 22वीं तीरंदाजी प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता में 14 जिलों से 155 तीरंदाज शामिल हुए है। मुख्य अतिथियों की मौजूदगी में विजेताओं को पुरस्कार से नवाजा गया ।

एसोसिएशन ने सीएम का जताया आभार

तीरंदाजी प्रतियोगिता के अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा, कि कुछ दिन पहले ही माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वर्गीय कोदूराम वर्मा एकेडमी रायपुर एनएमडीसी के सहयोग से और शिवतराई में मिनी अकैडमी खोले जाने के लिए घोषणा की है। 15 वर्षों से जिस एकेडमी की मांग तीरंदाजी कर रहा था उसको सीएम भूपेश बघेल ने मूर्त रुप दिया है।

पुरस्कार समारोह में ये रहे मौजूद

शाम बजे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव गुरु चरण सिंह करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथी के रुप में भावेश शुक्ला, विकास अग्रवाल, टीटी बहेरा, मोनू साहू उपस्थित रहे।

प्रदेश में हाथियों के बढ़ते आतंक पर नेता प्रतिपक्ष कौशिक का वार

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश में हाथियों और मानव के बीच बढ़ रहे द्वंद पर चिंता व्यक्त करते कहा कि प्रदेश में जो हालात हाथियों को लेकर बनते जा रहे हैं बेहद ही चिंताजनक है। आम लोगों के मौत हाथियों के कारण होने से प्रदेश के कई इलाकों में लोग भयभीत हैं। एक समय पर केवल पांच जिलों में हाथियों से प्रभावित जिला माना जाता था, अब ग्यारह ऐसे जिले हैं जो हाथियों के आतंक से प्रभावित हैं जिसके कारण वहां के निवासी बेहद की भयभीत हैं। जशपुर, कोरबा, अंबिकापुर, बालोद, महासमुंद, गरियाबंद सहित राजधानी रायपुर के करीब भी हाथियों के लगातार प्रवेश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। हाथियों के व्यवस्थित बसाहट के लिए जो लेमरू प्रोजेक्ट शुरू होना था वह अब तक नहीं शुरू हो पाया है जिसके कारण हाथियों के संरक्षण को लेकर प्रदेश की सरकार कुछ ठोस पहल नहीं कर रही है। यही कारण है कि अब हाथियों का समूह अब शहर की ओर है।

महादेव घाट विसर्जन कुंड में श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू

ढोल–नंगाड़ो के साथ दी जा रही गणपति बप्पा को विदायी

विसर्जन कुंड में लगी नगर निगम के अधिकारियों की ड्यूटी

रायपुर/नवप्रदेश। अनंत चर्तुदशी पर आज भगवान श्रीगणेश के लिए हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, वहीं ढोल-नंगाड़ो के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन भी किया जा रहा है। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए महादेव घाट में अस्थायी विसर्जन कुंड बनाया गया है, जहां नगर निगम का अमला सुबह से डटा हुआ है, जिनमें अधिकारीगण भी मौजूद है।

आयुक्त प्रभात मलिक ने श्रीगणेश मूर्ति विसर्जन हेतु महादेवघाट के अस्थाई विसर्जन कुंड पर 19 सितम्बर की सुबह 6 बजे से अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। महापौर एजाज ढेबर ने श्रद्धालुओं से नदी एवं तालाबों को प्रदूषण से सुरक्षित रखने अस्थाई विसर्जन कुंड में श्रीगणेश मूर्तियों का विसर्जन करने आव्हान किया है। महादेवघाट के अस्थाई विसर्जन कुंड में आज सुबह 6 बजे से 22 सितम्बर को दोपहर 2 बजे तक व्यवस्था का प्रशासनिक तौर पर सुचारु संचालन करने नगर निगम रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

आयुक्त ने सभी निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों से माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा मूर्ति विसर्जन को लेकर जारी किये गये सभी दिशा-निर्देशों का श्रीगणेश की मूर्तियों के विसर्जन के दौरान पूर्ण व्यवहारिक पालन शत-प्रतिशत रूप से करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभिन्न पंडालों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश के दर्शन किए

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के पुरानीबस्ती स्थित बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर के साथ रायपुर शहर के कालीबाड़ी, कंकालीन तालाब, आजाद चौक ब्राह्मणपारा में स्थापित गणेश पंडाल एवं अग्रसेन चौक में स्थित गणेश मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर एजाज ढेबर सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

निभाई गई डेरी गड़ाई रस्म, रथ निर्माण के लिए माई दंतेश्वरी से ली गई आज्ञा

जगदलपुर/रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर दशहरा का महत्वपूर्ण कार्यक्रम ÷डेरी गड़ाई रस्म÷ रविवार को निभाई गई। जगदलपुर के सिरहासार भवन में बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष व सांसद बस्तर दीपक बैज ने रस्म का निर्वहन किया। मंदिर के मुख्य पुजारी की माने तो बस्तर दशहरा पर्व 75 दिनों तक चलने वाला ऐसा पर्व है जो रस्मों से परिपूर्ण रहता है।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अर्जुन मांझी,संसदीय सचिव रेखचंद जैन,नारायणपुर विधायक चन्दन कश्यप,महापौर सफिरा साहू,मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम आर निषाद,निगम अध्यक्ष कविता साहू,साँसद प्रतिनिधि सुशील मौर्य,रोजविन दास,समस्त निगम के पार्षदगण,अनवर खान,हेमु उपाध्याय,एम वेंकट राव,महेश ठाकुर,अनुराग महतो,शंकर नाग,माहेश द्विवेदी,एस डी एम,तहसीलदार,नायब तहसीलदार, आर आई समेत मांझी चालकी,मेम्बरीन व पूजारी उपस्थित रहे।

रविवार को सम्पन्न हुई डेरी गड़ाई रस्म में सरई पेड़ की टहनियों को स्थापित कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। साल प्रजाति की दो शाखायुक्त डेरी, एक सतम्भनुमा लकड़ी जो लगभग 10 फीट ऊंची होती है। डेरी लाने का कार्य बिरिंगपाल के ग्रामीण के जिम्मे होता है। पवित्र लकड़ियों को गाड़ने से पहले अंडा और मोंगरी मछलियां डाली गई। उसके बाद मंत्रोच्चार मंत्रोच्चार के साथ पवित्र करते हुए हल्दी, चंदन, सिंदूर आदि लेप लगाकर सफेद कपड़ों में लपेटा और सिरहासार भवन के दो खंभों में बांधा और दो स्तंभों के नीचे जमीन खोदकर देरी स्थापित किया गया।

इसके साथ ही पुजारी ने रथ निर्माण के लिए माई दंतेश्वरी से आज्ञा भी ली। इसके बाद बेड़ाउमरगांव और झारउमरगांव के लगभग 150 कारीगर विशाल रथों का निर्माण करेंगे।रविवार को हुए डेरी गड़ाई के बाद काछनगादी की रस्म निभाई जाएगी, जिसमें मिरगान जाति की नाबालिक बच्ची पर काछन देवी सवार होती है। बस्तर के राजा देवी से दशहरा पर्व मनाने की अनुमति लेते हैं, ताकि बस्तर दशहरा पर्व निर्विघ्न मनाया जा सके।

हरेली अमावस्या यानी पाट जात्रा के दिन पहली लकड़ी लाई जाती है और उसके बाद बस्तर दशहरा की दूसरी रस्म डेरी गड़ाई पूजा विधान के बाद अन्य लकड़ियों को लाया जाता है। डेरी गड़ाई की रस्म के बाद माचकोट के जंगल से लाई गई लकड़ियों से माई दंतेश्वरी का रथ निर्माण कार्य शुरू होगा। बस्तर दशहरा में रथ निर्माण के लिए केवल साल और तिनसा प्रजाति की लकड़ियों का उपयोग किया जाता है। तिनसा प्रजाति की लकड़ियों से पहिए का एक्सल बनाया जाता है और रथ निर्माण के बाकी सारे कार्य साल की लकड़ियों से पूरा किया जाता है।

सौर ऊर्जा से किसानों को फसल उत्पादन में होगी सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। कहा जाता है कृषि कार्य मानसून का जुआं है और अभी भी हमारी कृषि वर्षा पर आधारित है। सौर सुजला योजना ऐसे किसानों के लिए वरदान है जिनकी कृषि अभी भी पूर्णतः वर्षा पर आश्रित है। ऐसे किसान जिसके खेतों तक विद्युत लाइन का विस्तार नहीं हुआ है या अधिक खर्च के कारण अपने खेतों तक विद्युत लाइन नहीं ले जा पाते है, उनके लिए सरकार द्वारा सौर सुजला योजना के तहत अनुदान में सौर उर्जा चलित सिंचाई पम्पों का प्रदाय किया जाता है। यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार के ऊर्जा विभाग के अधीन क्रेडा (छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी) द्वारा संचालित है। किसानों को योजना के तहत रियायती दरों में सौर सिंचाई पंप प्रदान किया जाता है। योजना के तहत किसानों को 3 एच. पी. और 5 एच.पी. क्षमता वाले सौर ऊर्जा संचालित सिंचाई पंप वितरित किया जा रहा है। योजना के तहत सोलर पंप की स्थापना में 95 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। योजना के तहत रायपुर जिले में अब तक 1299 सोलर पंप स्थापित किया जा चुका है। लाभार्थियों का चयन कृषि विभाग द्वारा किया जाता है। ऐसे किसान जो पहले से ही बोरवेल या पंप योजना के तहत लाभान्वित है वे भी इस योजना के लिए पात्र है। इसका लाभ उठाकर अपनी कृषि भूमि पर सिंचाई कर सकते हैं। इस योजना से किसान खेती के लिए अधिक सक्षम बन रहे है और कृषि और ग्रामीण विकास को मजबूत बनाने में भी आगे आ रहे है।

नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस की दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में बढ़ रहे अपराध के ग्राफ को नियंत्रित करने और नशे में गाड़ी चलाकर सड़क हादसों को अंजाम देने वाले वाहन चालको पर सख्ती करना रायपुर पुलिस के अधिकारियों ने शुरू कर दिया है। रायपुर एसपी के निर्देश पर शनिवार की रात को वीआईपी रोड में बेरीकेट्स लगाकर पुलिस महकमें के अधिकारियों ने कार्रवाई की और नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले वाहन चालको पर कार्रवाई करके न्यायालय के निर्देश पर जुर्माना वसूला है।

इन स्थानों पर हुई कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर के पास, तेलीबांधा थाना एवं पंडरी थाना के सामने रात 12:00 से 3:00 के मध्य पुलिस ने रास्ते से गुजरने वाले हर वाहन की तलाशी ली।

नगर निगम एनयूएलएम सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई ने किया आव्हान

स्ट्रीट फूड विक्रेताओं का उनका व्यवसाय बढ़ाने 9015500800 मोबाइल नंबर पर करें मिस्ड काल

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम स्वनिधि-स्ट्रीट फूड विक्रेतागणों से मोबाइल नम्बर 9015500800 पर मिस्ड काल कर स्विगी से ऑनलाइन डिलीवरी के माध्यम से व्यवसाय बढ़ाने सहायता प्राप्त करने रायपुर नगर निगम एनयूएलएम सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई ने आव्हान किया है।

रायपुर नगर पालिक निगम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की सिटी प्रबंधन ईकाई ने पीएम निधि द्वारा स्विगी के साथ मिलकर ऑनलाइन डिलीवरी के माध्यम से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को उनका व्यवसाय बढ़ाने दिये गये अवसर का लाभ प्राप्त करने मोबाइल नम्बर 9015500800 पर मिस्ड काल करके स्विगी से सहज सहायता प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया है। जानकारी दी गयी है कि अब एक साधारण ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया से स्विगी द्वारा ऑनलाइन सेवा प्राप्त की जा सकती है। ऑन बोर्डिंग के समय भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के साथ पंजीकरण किया जा सकता है। कोरोना महामारी में कॉन्टेक्ट लेस डिलीवरी, उच्च बिक्री प्राप्त करने में सक्षमता, पेन कार्ड प्राप्त करने में सहायता, विस्तारित उपभोक्ता आधार उन्नत ब्राड दृश्यता, बेहतर कुशलता एवं प्रदर्शन प्राप्त करने में सहायता प्राप्त की जा सकती है।

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे के स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आरपीएफ की टीम ने रेलवे कॉलोनियों में गाड़ी से घूमकर लाउडस्पीकर से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष 22 से छत्तीसगढ़ प्रवास पर

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. भगवान लाल साहनी और सदस्य कौशलेन्द्र सिंह पटेल 22 से 24 सितम्बर तक छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे और यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सदस्य नईदिल्ली से 22 सितम्बर को शाम 7.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे और राज्य अतिथि गृह 'पहुना' में ठहरेंगे। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की राज्य अतिथि गृह में 23 सितम्बर को प्रातः 10 बजे अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन के साथ बैठक होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे प्रदेश के मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, प्रमुख सचिव शिक्षा और समाज कल्याण विभाग के सचिव के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 2.30 बजे से पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ के साथ बैठक और दोपहर 3 बजे से राष्ट्रीय खनिज विकास निगम की समीक्षा बैठक होगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग शाम 5 बजे स्थानीय भ्रमण पर रहेगा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के साथ 24 सितम्बर को राज्य अतिथि गृह पहुना में प्रातः 10 बजे एसईसीएल, सुबह 11 बजे फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के साथ बैठक, दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ समीक्षा बैठक होगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग दोपहर 2 बजे भिलाई स्टील प्लांट पहुंचकर वहां के अधिकारियों के साथ बैठक करेगा।

सौगात — मंत्री डॉ. डहरिया ने किया ढाई करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

विकासकार्यों से और बढ़ेगी मंदिर हसौद की पहचान: मंत्री डॉ. डहरिया

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री तथा आरंग विधानसभा के विधायक डॉ. शिवकुमार डहरिया आरंग विकासखण्ड् के नवगठित नगर पंचायत मंदिर हसौद में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मंदिर हसौद क्षेत्र की पहचान पहले से हैं। नगर पंचायत बनने के बाद विकास कार्यों की स्वीकृति के साथ लोकार्पण एवं भूमिपूजन से यह तय है कि मंदिर हसौद का विकास तेजी से बढ़ेगा। मंत्री डॉ. डहरिया ने यहां एक करोड़ 37 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और एक करोड़ 13 लाख रुपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया।

मंत्री डॉ. डहरिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर हसौद नगर पंचायत को विकास कार्यों की लगातार सौगात दी जा रही है। कोरोना काल में भी लोगों को विकास कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह सजग है और उपलब्ध भी करा रही है। मंत्री डॉ. डहरिया ने आगे कहा कि गांव के लोगों को जो रोजगार मिलता था, वह मंदिर हसौद क्षेत्र के लोगों को नगर पंचायत बनने से मिलता रहे इसके लिए भी पूरा प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में

राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार द्वारा धान के बदले अन्य फसल और वृक्षारोपण करने वालों को प्रति एकड़ 10 हजार की राशि देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। सूखा प्रभावित किसानों को भी राहत राशि देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों का कर्ज माफ करने के साथ बिजली बिल हाफ कर लोगों को राहत पहुचाया गया है। हमारी सरकार प्रदेश के लोगों के साथ मिलकर विकास के कार्यों को पूरा कर रही है। लोगों को अच्छी सड़क मिले, घर में नल कनेक्शन से पानी मिले इसके लिए भी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आरंग विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक भवन, सड़क,सीसी रोड़ निर्माण सहित अन्य कार्य लगातार स्वीकृत कर विकास की धारा बहाई जा रही है।

मंत्री ने 1 करोड़ से अधिक के कार्यों की घोषणा

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.डहरिया ने मंदिर हसौद कुरूद के कार्यक्रम में ढ़ाई करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम में उन्होंने 1 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा भी की। मंत्री डॉ.डहरिया ने सर्व मांगलिक भवन हेतु 25 लाख रुपए, कुरूद में नाली के लिए 50 लाख रुपए, रामलीला रंग मंच कुरूद में शेड निर्माण के लिए 5 लाख, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु 20 लाख रुपए और कुरूद में 5.5 लाख रुपए महिला भवन हेतु घोषणा की। मंत्री ने वार्ड क्रमांक 8 में तहसील कार्यालय से व्यावसायिक परिसर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, लागत राशि 7.90 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 7 व्यावसायिक परिसर से जयकारा ट्रेंडिंग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, लागत राशि 28.26 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 7 व्यावसायिक परिसर से जयकारा ट्रेंडिंग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, लागत राशि 15.23 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 5 मेन रोड से बांधे घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, लागत राशि 20.55 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 5 मेन रोड से बांधे घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, लागत राशि 15.23 लाख रूपये, लाखों रूपये के कार्यों का लोकार्पण किया।

संपादकीय

जनहित से जुड़े मुद्दे हाशिए पर

उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के लिए हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए उलटी गिनती शुरू होती ही राजनीतिक दलों ने मतदाओं का मन मोहने के लिए अपनी कवायद तेज कर दी है। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने का सिलसिला शुरू हो गया है। बड़बोले नेताओं ने फिर विवादास्पद बयानबाजी शुरू कर दी है। अब्बाजान, चाचा जान और भाई जान के अलावा इमरान खान, पाकिस्तान और तालिबान की भी चर्चा हो रही है लेकिन जनहित से जुड़े मुद्दे हाशिए पर धकेल दिए है। कोरोना काल में जो व्यापाक जन और धन की हानी हुई है उस पर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। ना ही लगभग एक साल से चल रहे किसान आंदोलन को लेकर किसी की जुबान खुल रही है। दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जिना मुहाल कर रखा है। किन्तु महंगाई के मुददे पर भी विपक्षी दलों ने खामोशी अखितियार कर ली है। जनहित से जुड़े मुद्दो पर चर्चा करने की जगह अन्य मुद्दों पर बातें की जा रही है। जिसे खबरिया चैनल बात का पतंगड़ बनाकर पेश कर रहे है। आम जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। ये विधानसभा चुनाव भी जातिवाद और धर्म के आधार पर लड़ने की तैयारी दिख रही है। सभी दलों ने अपने अपने वोट बैंक को साधने की कवायद शुरू कर दी है। राजनीतिक दलों ने लोक लुभावन घोषणाओं की भी झड़ी लगा दी है किन्तु उनकी ऐसी घोषणाएं हमेशा मतदाओं के लिए द्दिवा स्वपन साबित होती है। चुनाव निपटते ही राजनीतिक पार्टियां अपनी घोषणाओं से या तो मुकर जाती है या फिर उन घोषणाओं पर किन्तु परंतु लगाकर मतदाओं को ठगने का काम करती है। ज्यो-ज्यो चुनाव की तिथी पास आती जाएगी त्यों-त्यों बयानवीर नेता जनता का ध्यान मुलभूत मुददों से हटाने के लिए नए-नए शिगुफे छोड़ते रहेंगे। बेहतर होगा कि राजनीतिक दल ये शिगुफे बाजी छोड़कर जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दे उठाए और उसे लेकर ही जनता के बीच जाए।

विचार

पर्यटन -लोक कल्याण और समृद्धि का इंजन

जी किशन रेड्डी

आज की तारीख में, भारतकोविडवैक्सीन की 75 करोड़ डोज लगाने का कार्य पूरा करनेकेद्वारपरखड़ाहै।पर्यटन उद्योग के लिए इससे बड़ी आत्मविश्वास बढ़ाने वाली कोई दूसरी बात नहीं हो सकती। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को पूरी तरह खुलने में अधिक समय लग सकता है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा पर अभी भी कई तरह की पाबंदियाँ हैं। लेकिन हमारे पास घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर है, क्योंकि साल के अंत तक हमारी आबादी के एक बड़े हिस्से का पूरी तरह से टीकाकरण हो चुका होगा। इस पृष्ठभूमि मेंपर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा, पूर्वोत्तर राज्यों के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रियों के सम्मेलन का विशेष महत्व है। यह सम्मेलन 13 से 14 सितंबर तक गुवाहाटी में आयोजित हो रहा है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के अष्ट लक्ष्मी राज्यों का प्रधानमंत्री के ह्रदय में विशेष स्थान है और उन्होंने त्रिस्तरीय रणनीति के तहत इस क्षेत्र के विकास के लिए अथक प्रयास किये हैं। सबसे पहले, उनके नेतृत्व में विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप विद्रोही समूह, हिंसा त्यागने और देश के विकास एजेंडे से खुद को जोड़ने के लिए प्रेरित हुए हैं। इससे अवसंरचना परियोजनाओं की प्रगति में तेजी आई है और प्रधानमंत्री की निरंतर निगरानी और समय पर हस्तक्षेप से परियोजना निष्पादन के समक्ष आने वाली बाधाओं को हल करने में सहायता मिली है। अंत में, शांति के वर्तमान माहौल और आधुनिक अवसंरचना से पर्यटकों और कारोबार में रुचि रखने वालों के लिए इस क्षेत्र की यात्रा आसान हुई है। यह दो दिवसीय सम्मेलन, पर्यटन के विकास और पूर्वोत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के सभी हितधारकों के बीच तालमेल बनाने पर केंद्रित है। सम्मेलन में पूर्वोत्तर क्षेत्र में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और मानव संसाधन विकास परियोजनाओं, साहसिक खेलों के लिए प्रबंधन, संचालन और सुरक्षा मानकों तथा डिजिटल प्रचार और विपणन जैसे विषयों पर विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जायेगा। लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस, 2019 के संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री ने प्रत्येक भारतीय नागरिक को वर्ष 2022 तक, जब भारत स्वतंत्रता के 75 वर्ष मनाएगा, कम से कम 15 गंतव्यों की यात्रा करने का आह्वान किया था। पश्चिम में बांग्लादेश, पूर्व में म्यांमार तथा उत्तर में भूटान और चीन के साथ, पूर्वोत्तर राज्य वास्तव में भारत के मुकुट में अनमोल रत्न के समानहैं और प्रत्येक घरेलू यात्री को अपने यात्रा कार्यक्रम में इन्हें शामिल करने की जरूरत है। बर्फसे ढकी चोटियों, पानी के तेज प्रवाह के साथ बहने वाली नदियों, बड़ी घाटियों और मनोहारी प्राकृतिक परिदृश्यों के साथपूर्वोत्तर राज्यों में असीम संभावनाओं से भरे अनगिनत पर्यटन स्थल हैं। इन राज्यों में अपार जातीय, सांस्कृतिक और भाषाई विविधताएं भी मौजूद है। पर्यटन में राज्य, उसकी संस्कृति और उसके लोगों पर एक महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की क्षमता होती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि 10 लाख रुपये के निवेश पर पर्यटन क्षेत्र 78 नौकरियों का सृजन कर सकता है और इस आधार पर यह हमारे प्राथमिक, द्वितीयक या तृतीयक क्षेत्रों की रोजगार सृजन क्षमता की तुलना में सबसे अधिक है।

बूंद से फुहार और फुहार से बौछार तक

सरकार ने कैसे लाखों घरों तक पानी पहुंचाकर समृद्धि के जल-नल की शुरुआत की

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत
केन्द्रीय मंत्री

हर घर को एक कार्यात्मक या चालू नल से जोड़ने के नायाब आइडिया, जो माननीय प्रधानमंत्री ने दुनिया को दिया था, ने ठीक इसी तर्ज पर खुद को एक 'लिविंग यूनिट' में तब्दील कर दिया है, हर नल के साथ इसे दोहराया जा रहा है, हर जल स्वच्छता समिति के साथ यह विचार या आइडिया खुद को महिला सशक्तिकरण की अवधारणा में जोड़ रहा है और फ़िर कुछ नए रूप में विकसित हो रहा है। वर्ष 2024 तक जब हर घर में नल से जल की सुविधा होगी, तब उस समय यह जानना वास्तव अत्यंघत रोचक होगा कि जल जीवन मिशन नामक इस अभिनव विचार या आइडिया ने न केवल जल क्षेत्र, बल्कि अन्य संबद्ध क्षेत्रों को भी किस हद तक बदल दिया है। तब तक हम घरों को नलों से जोड़ते रहेंगे, एक के बाद एक अनगिनत महिला नेता तैयार करते रहेंगे और लोगों के चेहरे पर नई मुस्कान लाते रहेंगे।

मिजोरम में ल्वांगतलाई, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, गुजरात में कच्छ और निकोबार द्वीप समूह एक-दूसरे से इतने दूर हैं और देश के चार कोनों में स्थित जिले हैं, फ़िर भी इनमें कौन-सी बात एक जैसी है? इन सभी स्थानों में एक बात समान है कि अगर आप इन लोगों के घरों में पानी मांगेंगे, तो वे गर्व के साथ, चेहरे पर मुस्कान लिए नये-नये लगाये गये नलों पर जायेंगे और आपकी प्यास बुझाने के लिये पानी ले आयेंगे। ये ऐसे सीमावर्ती जिले हैं, जहां नक्शा बनाने वाले की कलम रुक जाती है और सैनिक की गश्त शुरू हो जाती है। ये स्थान पूरे देश में जल जीवन मिशन (जेजेएम) की सफ्लता के प्रतीक बन गये हैं। ये जिले हिमालय की ढलानों पर बसे छोटे-छोटे घरों से लेकर केरल के केले के बागों तक फैले हैं, जहां जल जीवन मिशन लोगों के जीवन की वास्तविकता बन चुकी है; एक ऐसी वास्तविकता जिसे शक्ल लेने में 70 वर्ष लग गए और जिसे दो वर्ष से भी कम समय में कार्यान्वित कर दिया गया।

यह सफ्र उस समय शुरू हुआ, जब माननीय प्रधानमंत्री ने लालकिले की प्राचीर से पहली बार कहा कि देश में कोई भी घर ऐसा नहीं रहेगा, जो पानी के पाइपों-नलों से न जुड़ा हो। यहीं से जल जीवन मिशन का बीजारोपण हुआ। अपनी मन की बात में उन्होंने जल को परमेश्वर और पारस के तुल्य बताया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की टीम जल पहुंचाने का काम करके परमात्मा को घरों तक पहुंचा रही है, जो मानवता की सेवा है और एक दिव्य कार्य है। फ़िर दो वर्षों के कठिन परिश्रम और पूरी लगन के साथ काम करते हुये भारत के 8.12 करोड़, यानी 42.46 प्रतिशत घरों में नल चालू हो गये। पिछले 70 वर्षों के परिप्रेक्ष्य में संख्या को देखें, तो 3.23 करोड़ घरों में नल चालू हो चुके हैं। लेकिन यह काम सिर्फ दो वर्षों में हुआ है और इस दौरान जल जीवन मिशन ने 4.92 करोड़ से अधिक घरों तक पानी पहुंचा दिया है। इस हिसाब से देखें तो 78 जिलों, 930 प्रखंडों, 56,696 पंचायतों और 1,13,005 गांवों में नलों से जल आपूर्ति शुरू हो गई है। इस संख्या और इस प्रगति को जब आंकड़ों के नजरिये से देखा जाये, तो ऐसा लगेगा जैसे कोई बैल (शेयर बाजार का बुल) दौड़ लगा रहा हो। ये आंकड़े ऐसे हैं कि बड़े से बड़ा गणितज्ञ भी अचम्भित हो जायेगा और निवेशक उत्साह से भर उठेंगे। ारत के लोग इतने सख्त हैं कि सिर्फ आंकड़े दिखाकर उन्हें प्रभावित नहीं किया जा सकता। लेकिन, उनकी इस शंका के लिये उन्हें जिम्मेदार भी नहीं ठहराया जा सकता। आजादी मिलने के बाद 74 वसंत बीत चुके हैं। इस दौरान उन्होंने देखा कि तमाम नीतियां अपने रास्ते से भटक गईं, योजनायें बजट के कागजों पर तो उतरीं, लेकिन लोगों के जीवन में नहीं उतर पाईं। संख्या उन्हें प्रभावित नहीं कर सकती। वे अपनी आंखों से विकास देखना चाहते हैं, जो विश्वसनीय हो, प्रामाणिक हो और जो नजर आये। अपनी जिम्मेदारी निभाने के सिलसिले में जल जीवन मिशन, देश के सामने कसौटी पर कसे जाने पर गर्व महसूस करता है। जल जीवन मिशन के डैशबोर्ड पर कोई भी अपने इलाके में रोज लगने वाले कनेक्शन के बारे में वास्तविक समय में जानकारी ले सकता है। लोग हर जिले, अपने खुद के गांव के बारे में जान सकते हैं। वे हर गांव के लाभार्थियों की सूची भी देख सकते हैं। इसके अलावा पानी की गुणवत्ता का अद्यतन विवरण, निर्मित जल संसाधनों की संख्या तथा गांव में जल उपयोगकर्ता समुदाय के सदस्यों और तकनीशियनों की जानकारी भी ले सकते हैं। मिशन ने पानी की गुणवत्ता की जांच के लिये जो नियम बनाये हैं और जो संवेदी उपकरण लगाये हैं, वे विश्वस्तरीय हैं। आपूर्ति किये जाने वाले पानी की गुणवत्ता के बारे में लोग वास्तविक समय में जानकारी ले सकते हैं। यह पानी तमाम पैमानों से कई बार होकर गुजरता है, जिसे कोई भी देख सकता है। एक पंक्ति में कहा जाये, तो जल जीवन मिशन एक खुली किताब की तरह है, जिसे लोग देख सकते हैं, उसका आंकलन कर सकते हैं और यह राय बना सकते हैं कि प्रगति वास्तव में हुई है या नहीं। जल जीवन मिशन के तहत अब तक हासिल की गई अभूतपूर्व उपलब्धियों का उल्लेतख करते समय अक्समर एक अनूठी उपलब्धि की चर्चा नहीं की जाती है और वह है महिला सशक्तिकरण में इसका बहुमूल्यध योगदान। इससे जुड़ी अनगिनत सकारात्मसक बातें हैं। सबसे पहली बात तो यह है कि इस मिशन ने महिलाओं को अत्या।वश्यनक पेयजल लाने के लिए लंबी-लंबी दूरियां तय करने की समस्या से मुक्ति दिला दी है। लेकिन समान रूप से इतनी ही अहम बात यह है कि इस मिशन ने रोजगार, कौशल और समाज में महिलाओं एवं पुरुषों की अब तक की जो मान्यइ भूमिकाएं रही हैं उनमें भी व्याकपक बदलाव ला दिया है।

सामुदायिक स्तरों पर महिलाओं के नेतृत्वउ करने या अग्रणी की भूमिकाएं निभाने का अवसर मिलने से ही यह सब संभव हो पाया है। इन महिला नेताओं को भी अब गांव एवं जल स्वच्छता समितियों में सदस्या बनाया जा रहा है जिनमें 50त्न सदस्यचता महिलाओं के लिए ही आरक्षित होती है। कई बार तो इन समितियों की कमान महिलाओं के ही हाथों में होती है और इस तरह से वे गांव में पेयजल आपूर्ति योजना की रूपरेखा तैयार करने से लेकर इसके कार्यान्वयन, प्रबंधन और संचालन तक के हर बारीक पहलू में स्वलयं को शामिल करती हैं। इसके अलावा, हर गांव की 5 महिलाओं को जल की गुणवत्ता पर निरंतर पैनी नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है और कई महिलाओं को तो आवश्यहक कौशल प्रशिक्षण देकर प्लंबर, मैकेनिक, पंप ऑपरेटर, इत्याकदि भी बनाया जा रहा है। इन 2 वर्षों में महिलाओं को ये नई जिम्मेदारियां उठाने के लिए सक्रिय रूप से आगे बढ़ते हुए देखना निश्चित रूप से अत्यं त खुशी की बात है। यही नहीं, इन अग्रणी महिलाओं का युवा लड़कियों के दिमाग पर जो व्या पक सकारात्म क असर पड़ेगा, वह वास्तव में काफी मायने रखता है। उनकी छाया में ही गांव की युवा लड़कियां बड़ी होंगी और फ़िर आने वाले समय में वे कई ऐसे कठिन कार्यों की भी जिम्मेदारी बखूबी संभालने लगेंगी जो अब तक मुख्य तः पुरुष ही किया करते थे। एक अनूठे अध्ययन 'मेमेटिक्स' में इस ओर ध्या न दिलाया गया है कि कुछ विचार या आइडिया दरअसल 'लिविंग यूनिट्स' की तरह काम करते हैं, जो पुनरुत्पादन करते हैं, कभी-कभी बस स्वसयं को दोहराते हैं, कभी-कभी अच्छीे तरह से विकसित होते हैं और फ़िर बहुत जल्दब जिस दुनिया में वे रहते हैं उसे एकदम से बदल देते हैं।

भारत की आर्थिक रिकवरी के मुखर आलोचक गलत क्यों हैं?

डॉ. के.वी. सुब्रमण्यम
मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारत सरकार

वैश्विक वित्तीय संकट (जीएफसी) के बाद दो अंकों की महंगाई दर के विपरीत, सरकार द्वारा आपूर्ति क्षेत्र के लिए किये गए उपायों के कारण महंगाई दर पिछले वर्ष की तुलना में औसतन 6.1 प्रतिशत रही है। लॉकडाउन और रात के कर्फ्यू के कारण आपूर्ति क्षेत्र को विभिन्न व्यवधानों का सामना करना पड़ा है, इसके बावजूद संकट के बावजूद इतनी कम महंगाई दर दर्ज की गयी है है। ऐसी स्थिति जीएफसी के बाद भी नहीं थी। साथ ही, सावधानीपूर्वक लक्षित और विवेकपूर्ण राजकोषीय व्यय ने यह सुनिश्चित किया है कि भारत का राजकोषीय घाटा अपने समकक्ष देशों के लगभग समान है। उच्च राजस्व व्यय के कारण, यह जीएफसी के बाद अपने समकक्ष देशों की तुलना में काफी अधिक हो गया था। जीएफसी के बाद भारी गिरावट के विपरीत, आपूर्ति पक्ष के उपायों ने चालू खाता को अच्छी स्थिति में बनाये रखा है।

ठीक एक साल पहले, हमने जीडीपी में तेज गिरावट के बाद वी-आकार की तेज वृद्धि की भविष्यवाणी की थी। उस समय, अधिकांश लोगों ने इस भविष्यवाणी पर संदेह कियाथा। एक पूर्व वित्त मंत्री ने लिखा ÷एक बंजर रेगिस्तान में, वित्त मंत्री और मुख्य आर्थिक सलाहकार ने बिना पानी के हरे-भरे उद्यान देखे हैं!÷ उनके सूक्ष्म समझ की कमी निश्चित रूप से इस बयान से स्पष्ट थी, ÷30 जून, 2019तक सकल घरेलू उत्पादन का लगभग एक चौथाई, पिछले 12 महीनों में नष्ट हो गया है।÷ एक टैंक में पानी के स्तर के विपरीत, जीडीपी एक ऐसा पैमाना नहीं है, जो स्टॉक के स्तर को दर्शाता है।इसके बजाय, एक निश्चित समयावधि में बहने वाले पानी की मात्रा की तरह, जीडीपी एक निश्चित समयावधिमें आर्थिक गतिविधियों के प्रवाह को मापता है। यदि जीडीपी केवल स्टॉक का एक पैमाना होता, तो यह कहा जा सकता है कि स्टॉक में एक निश्चित प्रतिशत की कमी आयी। सुविधा के अनुसार व्याख्या(नैरटिव)पेश करने और दर्शकों की तालियाँ बटोरने की कला के रूप में राजनीति; अर्थव्यवस्था की सूक्ष्म समझ हासिल करने के कठिन काम की तुलना में अधिक आकर्षक व सरल होती है।

आइए महत्वपूर्ण आंकड़ों पर गौर से नजर डालते है। पिछले साल की पहली तिमाही में 24.4 प्रतिशत की गिरावट के बाद, अर्थव्यवस्था ने बाद की तिमाहियों में -7.5 प्रतिशत, 0.4 प्रतिशत, 1.6त्न और 20.1 प्रतिशतकी वृद्धि दर दर्ज की है। यदि इन संख्याओं को अंकित किया जाये, तो ग्राफ÷वी÷ जैसा दिखता है और यह किसी अन्य अक्षर के जैसा नहीं है। संयोग से, के-आकार की रिकवरी पर की गयी यह टिप्पणी अर्थव्यवस्था के वृहद् कारकों पर नहीं, बल्कि क्षेत्रीय पैटर्न पर केंद्रित है। हाथ की पांच अंगुलियों की तरह, क्षेत्रीय पैटर्न कभी भी एक जैसे नहीं होते हैं।

महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वी-आकार की रिकवरी, अर्थव्यवस्था के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों का प्रमाण है - एक ऐसी बात, जिसे मैंने पद संभालने के बाद लगातार सामने रखा है। जैसा आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 में स्पष्ट किया गया है, महामारी-पूर्व मंदी केवल वित्तीय क्षेत्र की समस्याओं के कारण पैदा हुई थी, जो सांठगांठ के आधार पर ऋष्टा देना और 2014 से पहले बैंकिंग क्षेत्र के कुप्रबंधन से उत्पन्न हुई थी। दुनिया भर में हुए शोधों से पता चलता है कि

वित्तीय क्षेत्र में इस तरह की गड़बड़ी के कारण पैदा हुई आर्थिक उथल-पुथल बहुत लंबे समय तक चलती है। इस तरह के सांठगांठ से दिए गए बैंक ऋष्टा के पुनर्भुगतान की प्रक्रिया 5-6 साल के बाद ही शुरू होती है। अपना खर्च न निकाल पाने वाली बड़ी कंपनियों (जॉम्बी) को हमेशा ऋष्टा उपलब्ध कराने के लिए बैंकरों के प्रोत्साहन जैसी वित्तीय अनियमितताओं का अंततः अन्य क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, जिसका नुकसान अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक झेलना पड़ता है। कुछ टिप्पणीकार महामारी-पूर्व हुई मंदी का कारण विमुद्रीकरण और जीएसटी कार्यान्वयन को मानते हैं। हालांकि, विमुद्रीकरण, जिसमें जीएसटी कार्यान्वयन भी शामिल था, के आर्थिक प्रभाव पर किये गए शोध से पता चलता है कि इन निर्णयों से जीडीपी वृद्धि पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। शोध के ये निष्कर्ष इस तरह की टिप्पणी पर सवाल खड़े करते हैं तथा अर्थव्यवस्था के मजबूत मूल सिद्धांतों पर जोर देते हैं।

महामारी के दौरान भी, तिमाही विकास पैटर्न ने केवल आर्थिक प्रतिबंधों की उपस्थिति या अनुपस्थिति को दर्शाया है और इस प्रकार मजबूत आर्थिक सिद्धांतों को ही फ़िर से रेखांकित किया है। देश स्तर पर घोषित लॉकडाउन के बाद,पिछले साल की पहली तिमाही में गिरावट दर्ज की गयी थी, जबकि चौथी तिमाही तक हुई रिकवरी प्रतिबंधों में मिले छूट को दर्शाती है। इस साल की पहली तिमाही में, विनाशकारी दूसरी लहर के दौरान मई और जून में अधिकांश राज्यों में मॉल, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए थे। गूगल का खुदरा गतिविधि आधारित दैनिक संकेतक, अपने 31मार्च के स्तर से पहली तिमाही से जुलाई के मध्य तक नीचे था। सबसे गंभीर स्थिति के दौरान खुदरा गतिविधि,31मार्च के स्तर से 70 प्रतिशत तक कम थी। खपत पर इस तरह के आपूर्ति प्रतिबंधों के प्रभाव के बावजूद, पिछले साल के अपने निम्न बिंदु से खपत में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। जुलाई के मध्य से, प्रतिबंधों में दी गयी ढील के कारण उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं। अभूतपूर्व सुधारों के बाद, अर्थव्यवस्था में अब तेजविकास का दौर आना स्वाभाविक है। कॉरपोरेट जगत, लागत में कटौती करके और अपने कर्ज को कम करके निवेश के लिए तैयार हो गया है। बैंकिंग क्षेत्र में लाभ दर्ज किये जा रहे हैं,जिसके परिणामस्वरूप खुदरा और एसएमई उधार के फंसे कर्ज के कारण पैदा हुई खराब स्थिति का सामना करने में बैंक सक्षम हो गए हैं। खराब ऋष्टा के प्रत्येक रुपये का लगभग 88 प्रतिशत का प्रावधान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा किया गया है।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

परबुधिया के हाथ म कइसे सउंपन

परबुधिया के हाथ म कइसे सउंपन अस्मिता डोर एती-तेती के हाहा भकभक म उन ठउका देही बोर जिनकर समझ नइए अपन-बिरान अउ चिन्हार के उंकर खांध संग अपन खांध हम कइसे देवन जोर।
कवि सुशील भोले

जहां रिश्तों की खूबसूरती को बरक़रार

जहाँ रिश्तों की खूबसूरती को बरक़रार रखने के लिए दिल का होना लाज़्मी है वहीं बिज़नेस की कामयाबी के लिये दिमाग का होना जरूरी है पर मुश्किल और नाकामयाबी तब मिलती है जब हम रिश्तों में दिमाग और बिज़नेस में दिल को अहमियत देने लगते हैं बसयूँही।
निभा चौधरी

ख़ास पाती | ### हम अपने आस पास अपने

हम अपने आस पास अपने ही विचारों की उगाई बाड़ी को पोषण देते रहते हैं।अपने विचारों की पसंद के पौधे अपने मस्तिष्क के बगीचे में रोपते रहते हैं इन्हीं की गंध से अपने मन को बहलाते हैं,लेकिन दूसरे के बगीचे को नफ्रत से देखते हैं जबकि होता वह भी अपने विचारों की बाड़ी कैद ही है। **दिव्या राकेश शर्मा**

तन मानव सा मन दावन सा

तन मानव सा मन दावन सा हे शिव तू बता क्या करूं मैं प्रेम देकर भी प्रेम मिलता नहीं हे शिव तू बता क्या करूं मैं पाता हूं मैं खोने के लिये ही हे शिव तू बता क्या करूं मैं भ्रम ही जीवन-जीवन ही भ्रम है हे शिव तू बता क्या करूं मैं आदि छोड़ अन्नत भी हारा ललित हे शिव तू बता क्या करूं मैं किसको खोकर क्या पा जाऊँ मैं हे शिव तू बता क्या करूं मैं। **ललित उपाध्याय**

हर रात, होकर सवार चाँद के रथ

हर रात, होकर सवार चाँद के रथ पर टांकने जाती हूँ आसमां पर अपने चित्र विचित्र से सपने टिमटिमा रहे हैं जो असंख्य तारों संग अपनी निश्चित परिधि में चक्कर काटते हुए इन्ही सपनों की लौ से कायम है उम्मीद जो करता है रौशन हर अंधियारा जीवन का तभी तो नहीं होती हूँ विस्मित सूरज के ढलने से क्योंकि कायम है आस किसी तारे के टूटने की और किसी प्यारे से सपने के पूरे हो जाने की ।।
हरप्रीत कौर रिया

रहेगी ज़िन्दगी में आख़रिश ये



रहेगी ज़िन्दगी में आख़रिश ये तीरगी कब तक ! अता करते रहोगे तुम ग़मों की बानगी कब तक !! कमाले हुस्न के जलवे निगाहे-नाज़ के फ़ित्ने , तेरी जादूगरी से बच सकेगी सादगी कब तक! बड़ी मुद्दत से तेरी दीद को आँखें ये प्यासी हैं, मुझे इतना बता दे तू मिटेगी तिश्नगी कब तक! सदाक़त के चरागों को जरा दिल में जला के रख , तग़ाफ़ुल से करेगा तू बता ये बन्दिगी कब तक ! हुई जो शाम तो छाये ग़मों के आज फ़िर बादल, बचायेगी सफ़ीना अब 'वफ़ा' का ज़िन्दगी कब तक ! **कविता सिंह**

फ़िर पेट्रोल डीजल महंगा होने

फ़िर पेट्रोल डीजल महंगा होने का रोना क्यों?? जीएसटी के दायरे में पेट्रो प्रोडक्ट्स ना आए इसके लिए सबसे मुखर विरोध अशोक गहलोत ममता बनर्जी एमके स्टालिन और मनीष सिसोदिया ने किया जीएसटी काउंसिल में 33 मेंबर है एक बार गूगल पर सर्च कर लीजिए कि वह सभी कौन-कौन लोग हैं। **सचिन चौधरी**

अलादीन के चिराग से दैत्य बाहर आया

अलादीन के चिराग से दैत्य बाहर आया. गुलाम की तरह झुककर सलाम किया. हाथ जोड़कर आदेश की प्रतिक्षा करने लगा.आदेश पाते ही धन, वैभव, विलासिता की हर वस्तुयें हाज़िर कर दी.कहीं कोई त्रुटि नहीं. इमपेक्केबल् सर्विस. वह हर चीज उपलब्ध करा सकता था,जिसे हम छू सकते हैं, देख सकते हैं. वह दे नहीं पाया प्रेम की अनुभूति,विरह की वेदना, रूठने-मनाने की मधुर पीड़ा. ईश्वर से पल भर की मुलाकात, मृत्यु की अर्जी को आगे बढ़ा दे पाने का साहस और सामर्थ्य. वह भौतिक जगत का वीर है,भाव जगत का कायर। **शेष अमित**

QUIZ TIME

1) 'मैं मुसलमानों का गोखले बनना चाहता हूँ' किसने कहा था?

2) 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था?

3) भारतीय स्टेट बैंक ने किस एनबीएफसी को अपना राष्ट्रीय कॉर्पोरेट व्यापार संवाददाता चुना है?

4) सिक्किल आर.भास्करन किस वाद्य यंत्र के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार थे?

5) वर्ष 2021 के प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) मोहम्मद अली जिन्ना (2) 1871 (3) पैसालो डिजिटल (4) वायलिन (5) साइरस पूनावाला

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 सितम्बर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है.. 1388 - दिल्ली के सुल्तान फ़िरोज तुगलक शाह तृतीय का निधन। 1854- क्रीमिया की पहली लड़ाई में ब्रिटेन-फ्रांसीसी गठबंधन ने तत्कालीन सोवियत रूस को पराजित किया। 1857- मद्रास (अब चेन्नई) का समाचार पत्र 'द हिन्दू' का साप्ताहिक अंक के रूप में प्रकाशन शुरू हुआ।

1933 - सामाजिक कार्यकर्ता एनी बेसेंट का निधन। 1946- पहला कांस फिल्म समारोह का आयोजन हुआ। 1970- रूसी प्रोब ने चांद के सतह से कुछ चट्टानें इकट्ठा की।

1983 एप्पल उपग्रह ने पूरी तरह से काम करना बंद कर दिया। 1995 ङ्क संयुक्त राष्ट्र महासभा का 50वें अधिवेशन की शुरुआत। 2001 ङ्क अमेरिका ने लगभग 150 लड़ाकू विमान खाड़ी में उतारने का फैसला किया।

2006- ब्रिटेन के रॉयल बॉटैनिक गार्डन्स के वैज्ञानिकों को 200 वर्ष पुराने बीज उगाने में कामयाबी मिली।

2009- मराठी फिल्म 'हरिशचन्द्राची फैक्ट्री' आस्कर अवार्ड्स की विदेशी फिल्म कैटिगरी में शामिल हुआ।2011- अफ्गानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति और तालिबान से वार्ता के लिए गठित सरकारी शांति परिषद के शीर्ष वार्ताकार बुरहानुद्दीन रब्बानी की काबुल में हत्या।

2011- पाकिस्तान में शिया तीर्थयात्रियों के बस पर हमले में 26 लोग मारे गये।

■ न्यूज गैलरी

क्षेत्रीय स्कूल कुराश प्रतियोगिता का हुआ भाटापारा में आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्कूल स्तरीय सम्भाग कुराश प्रतियोगिता का आयोजन पंचम दीवान उच्चतर कन्या विधालय भाटापारा में हुआ जिसमें रायपुर सम्भाग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता में अतिथि के रूप शैलेन्द्र नामदेव उपस्थित थे, प्रतियोगिता को सफल बनाने में आदित्य सिंह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन, व्यायाम शिक्षक शरद पंसारी, बैजनाथ गुप्ता, आशीष ठाकुर, सुकलाल यदु, निर्मल जांगड़े, तरुण सेन वर्षा मिरी, राजकुमार वर्मा ने सहयोग किया।

ट्रक परिवहन संघ के तीसरी बार अध्यक्ष बने राजा चौहान

बालोद/नवप्रदेश। जिला ट्रक परिवहन संघ के तीसरी बार अध्यक्ष संदीप राजा चौहान बने हैं। वे विपिन दीवान के पहले लगातार 4 साल तक अध्यक्ष रहे। इस संघ के तहत अध्यक्ष का कार्यकाल 2 साल का रहता है। इस बार वे निर्विरोध चुने गए। पहले नामांकन की प्रक्रिया तो हुई उन्होंने नामांकन भरा। पर दूसरे पक्ष से किसी ने नामांकन नहीं भरा। फिर वे निर्विरोध हो गए। इस चुनाव पर ट्रक परिवहन संघ से जुड़े हुए सभी साथियों ने उन्हें बधाई दी। संदीप सिंह राजा चौहान के अध्यक्ष के अलावा अन्य पदों में भी निर्विरोध चुनाव हुआ। जिसमें उपाध्यक्ष गौरव गोयल, परेश पटेल सचिव, मुरली दुबे सहसचिव, रौनक सिंह कत्याल कोषाध्यक्ष पदाधिकारी चुने गए। संस्था के सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को करतल ध्वनि के साथ शुभकामनाएं दी। रविवार को ट्रक मालिक परिवहन संघ बालोद के चुनाव के साथ चुने गए पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निर्वहन करने व संघ के हित में काम करने के लिए संकल्प भी लिया। नए अध्यक्ष राजा चौहान ने कहा कि रेक प्वाइंट के जरिए बालोद सहित विभिन्न जिलों में खाद व धान चावल के परिवहन में ट्रक परिवहन संघ की अहम भूमिका रहती है। वर्तमान में संघ में 54 सदस्य हैं और 150 ट्रकें संलग्न है।

आमजन को समझाइस जागरूक करने निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य अमला को दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार मौसमी बिमारी मलेरिया, डेंगू एवं अन्य संक्रामक बिमारियों को फैलने रोकथाम व बचाव हेतु नागरिकों को डोर टू डोर जाकर समझाईस देने व जागरूक किये जाने आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने-अपने प्रभारित वार्ड में स्वच्छता मित्र एवं वार्ड प्रभारियों को दायित्व सौपने स्वास्थ्य अधिकारी एवं मिशन क्लीन सिटी प्रभारी को निर्देशित किये है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि मौसमी बिमारी डेंगू मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बिमारी फैलने की संभावना बनी रहती है।

ये है असली हीरोगिरी : पाइंट मिला-वह कुएं में कूद गया है, पास से देखा तो सीन वास्तव में कंपा देने वाला था, फिर भी उसे बचा लिया

समाज के लिए प्रेरणा से कम नहीं है फायरमैन राजेश का साहस, 11 मार्च को हुआ क्या था, पढ़िए : उन्हीं की जुबानी

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। फायरमैन! जितना वजन इस शब्द में है, उससे कहीं ज्यादा साहस से भरा फायरमैन का काम भी होता है। ऐसे ही एक फायरमैन राजेश सिन्हा भी हैं, जिनका साहस प्रेरणा देता है। एक वाकया हुआ था, जब राजेश ने अपनी जान दांव पर लगाकर एक युवक को नई जिंदगी दी थी। राजेश ने वह सब कैसा किया था? पढ़िए, खास रिपोर्ट...

साहसी फायरमैन राजेश के लिए यह लाइन भी बिल्कुल फिट बैठती है कि तीन घंटे की मूवी हम सभी देखते हैं, जिसमें कई किरदार होते हैं और इन्हीं में से जो अभिनय के बूते दर्शकों को प्रभावित करता है, वो कहलाता है हीरो। राजेश भी ऐसे ही हीरो हैं। राजनांदगांव जिले के निवासी राजेश कुमार सिन्हा अग्निशमन विभाग में फायर मैन के पद पर पदस्थ हैं।

अपने कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन करते हुए वे लोगों की मदद कर रहे हैं। चर्चा में फायरमैन राजेश ने 11 मार्च 2015 का जिक्र किया। कहा-वह दिन अच्छी तरह याद है जब हमें कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि 21 वर्षीय युवक देवानंद स्कूल के पास कुएं में कूद गया है। हड़कंप मचाने के लिए ये प्वाइंट काफी था। सो, बिना देर किए हमारी टीम फौरन मौके पर पहुंची। युवक को बचाने के लिए मैं भी कुएं में उतरा। मैंने महसूस किया प्रशिक्षण का यहां सही उपयोग हो रहा है और कुछ देर की जद्दोजहद के बाद युवक को कुएं से सकुशल बाहर निकालने में हमारी टीम कामयाब हो गई। उस समय हमारी फायर ब्रिगेड टीम के फायर वाहन चालक बेंजामिन युनूस और परिचालक तरुण कुमार साहू का भी योगदान सराहनीय रहा।

त्वरित लोगों की मदद करना ही फायर ब्रिगेड टीम का ध्येय वाक्य है और इसी पर चलकर हमारी टीम ने कई लोगों को नई जिंदगी दी है। राजेश बताते हैं, लोगों की सुरक्षा का ध्येय लेकर ही वे रोज सुबह ड्यूटी के लिए निकलते हैं। इस पर बहुत खुशी भी होती है कि ईश्वर ने मुझे किसी की मदद के लिए चुना है। इस काम मे मुझे बहुत संतुष्टि और शांति मिलती है।

वहीं मेरे लिए सबसे ज्यादा कीमती लोगों की दुआएं हैं जो मुझे और अधिक समर्पण भाव से बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। कंट्रोल रूम से कब क्या सूचना मिल जाए, यह कुछ तय नहीं रहता, लेकिन हां, कहीं पर भी मुसीबत आई तो हमारी टीम सामूहिक प्रयास से उन चुनौतियों से निपटने के लिए हमेशा तत्पर रहती है।

मैं हूं बेरोजगार-रोजगार दो छत्तीसगढ़ सरकार भाजयुमो ने की कार्यक्रम की शुरूआत

■ बूथों में लगाया गया बेरोजगार चौपाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह निर्देशानुसार भाजयुमो मंडल चौकी में मैं हूं बेरोजगार-रोजगार दो छत्तीसगढ़ सरकार कार्यक्रम की शुरूआत अंबागढ़ चौकी के बूथ वार्ड क्रमांक 1 एवं गुंडरदेही एवं आमाटोला से की गई, जिसमें बेरोजगार युवाओं से फार्म भराया गया, जिसे कलेक्टर राजनंदगॉव को सौपा जाएगा। भाजयुमो ने मांग की है कि चुनाव पूर्व कांग्रेस ने घोषणा पत्र में जो वादा युवाओ से किया था कि सरकार आने पर प्रत्येक बेरोजगारों को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, जिसे अभी तक पूरा नही किया गया है एवं अभी तक का बकाया बेरोजगारी भत्ता 77500 रुपये प्रत्येक बेरोजगारी को दिया जाए। इसी को लेकर भाजयुमो अम्बागढ़ चौकी के प्रत्येक बूथ में बेरोजगार चौपाल लगा कर बेरोजगार युवाओं से फॉर्म भरवायेगी।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, भाजपा मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष काशी निषाद, महामंत्री रोहित दास मानिकपुरी, मंत्री संतोष साहू, प्रवक्ता सतीश शर्मा, पार्षद धर्मेंद्र साहू, पार्षद सुरेश नेताम, यशवंत निर्मलकर, लेविस साहू, अरुण साहू, अमरचंद साहू, भोला साहू, वैभव साहू, कोमेश कौशिक, चितलेष कौशिक, महेंद्र कोमरे, शिशुपाल निषाद, मोहन निर्मलकर, भूपेंद्र निर्मलकर, देवेंद्र सेवता, भोजराज विश्वकर्मा, देवसिंग सोनवानी, कुलेश्वर नेताम, पुरन साहू, जिंदर कोमरे, योगी यादव, शिवम त्रिवेदी, हुलेश्वर साहू, रवि दास, महेंद्र यादव, जीतू साहू, इंदिरा बाई उईके, कुलेश्वरी सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, अरविन्द बाघमारे मंत्री, आशुतोष सिंह ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य, संजय धन्कर उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजयुमो मीडिया प्रभारी सत्यम बाजपेयी ने दी।

नाबालिक लड़की को बहला कर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर की नाबालिक को बहला फुसलाकर बिलासपुर चिंगराज पारा ले जाकर बलात्कार करने वाला आरोपी को शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

उपरोक्त संबंध में थाना शहर प्रभारी विजय चौधरी ने बताया कि प्रार्थिया ने दिनांक 14-09-2021 को थाना पहुँच रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी भतीजी नाबालिग लडकी उम्र 14 साल 05 माह की है जो दिनांक 13-09-2021 के 09/00 बजे घर से कही चली गई है और किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भगाकर ले जानें की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त रिपोर्ट की जानकारी पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला को देने के बाद उनके द्वारा आरोपी को पकडने कड़े निर्देश दिये गये थे जिस पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन पर थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर निरीक्षक विजय चौधरी के नेतृत्व में सहा. उप निरीक्षक नेतराम पटेल हमराह आरक्षक विजेंद्र निराला, महिला प्रधान आरक्षक पुष्पा राठौर, महिला आरक्षक मंजू साहू के साथ विशेष टीम का गठन कर अपहृत बालिका के पता तलाश कर अपहृता नाबालिक लडकी को शनिवार को आरोपी रोशन साहू के कब्जे से बरामद किया गया है। पीडिता द्वारा कथन मे आरोपी द्वारा बहला फुसला कर बिलासपुर चिंगराज पारा ले जाकर शादी का साझा देकर लगातार संभोग कराना बताई है जिस पर प्रकरण में धारा 363, 366, (क) 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट जोडी गई है।

डॉ. रमन की अदूरदर्शिता व सांसद की निष्क्रियता का परिणाम है अस्पताल की अव्यवस्था

■ अस्पताल देख हतप्रभ स्टेडियम देख बेहोश ना हो जाये सांसद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे के अपने 2 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में पहली बार अस्पताल निरीक्षण के बाद की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल भाजपा व पूर्व मुख्यमंत्री राजनांदगांव के विधायक डॉ रमन सिंह की 15 वर्षीय सरकार की अदूरदर्शितापूर्ण कार्ययोजना की देन है।

महामंत्री शाहिद भाई ने कहा कि सांसद आरोप लगाने से पूर्व अपनी जिम्मेदारी का भी आंकलन कर ले कि उन्होंने किस आधार पर 11 जून 2021 को जिले के विकास कार्यो के लोकार्पण भूमिपूजन अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मेडिकल कालेज पेंड्री शिफ्ट करने की मांग की थी। क्या कभी स्वास्थ्य कर्मियों चिकित्सको से बैठ कर चर्चा की, पहले मांग करना फिर विरोध करना दोमुंही नीति का परिचायक है। मेडिकल कॉलेज हेतु केंद्र सरकार से कितना फंड आता है कितना स्वयं दिलाये है यह बताए।

ऑक्सीजन सप्लायर के भुगतान हेतु एजेंट के रूप में कार्य ना करें। शासकीय भुगतान में समय सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन कर्मचारियों, डॉक्टरों, चेकअप मशीनों की जानकारी ना लेकर ऑक्सीजन के भुगतान हेतु पत्रों का हवाला देना विशेष प्रक्रिया है।

महामंत्री शाहिद भाई ने सांसद से मांग की है कि वे डॉ. रमन सिंह से चर्चा कर यह सार्वजनिक करे कि मेडिकल कालेज भूमिपूजन में मेडिकल कालेज को बीएसपी के सहयोग से व 4 अक्टूबर 2018 को अधूरे निर्माण को चुनावी लाभ लेने लोकार्पण करते समय टाटा मेमोरियल के सहयोग से चलाने की बात कैसे की थी, कोई एमओयू हुआ था। महासमुंद सांसद ने मेडिकल कालेज हेतु 60 प्रतिशत राशि केंद्र से प्राप्त होने की बात की है तो इनसे मार्गदर्शन लेकर जिले के लोगों को इसका लाभ दिलाने का कार्य करें।

भाजपा राज में तो जिला चिकित्सालय का नाम ही समाप्त हो गया था। जिला अस्पताल के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की अथक परिश्रम से मेडिकल कॉलेज की मान्यता समाप्त होने से बची रही। जिला अस्पताल के मशीनों को दिखा कर एमसीआई को गुमराह किया। अब जब मेडिकल कॉलेज पेंड्री में शिफ्ट हुआ तो मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं की सच्चाई पता चल रही है।

गौठान का निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ

राजनांदगांव। जिपं सीईओ लोकेश चंद्राकर ने रेंगाकठेरा, डोमहातोला एवं पदुमतरा गौठान का निरीक्षण किया। रेंगाकठेरा गौठान में वर्क शेड एवं पशुओं के विचरण वाले स्थान में तार फेंसिंग एवं वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। समूह वर्क शेड में पेंटिंग कार्य पूर्ण करने, शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करने तथा टांके में उपलब्ध खाद को तत्काल छनाई कर निकालने के निर्देश दिए। चारागाह में सुरक्षित घेरा लगाने कहा। डोमहातोला गौठान में सब्जी बाड़ी एवं मछली पालन व्यवसाय से महिला समूहों को जोड़े जाने तथा पदुमतरा गौठान में वृक्षारोपण के साथ वर्क शेड व पशु विचरण स्थल के बीच तार फेंसिंग करने के लिए कहा। गौठानों में पशुओं को लाने के लिए कहा। गौठानों में उपलब्ध टांके के अनुसार गोबर खरीदी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

■ मंडल पदाधिकारी बूथ स्तर तक संगठन को करें मजबूत: शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा के जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी ने शनिवार को भाटापारा विधानसभा के निपनिया मंडल, भाटापारा ग्रामीण मंडल, भाटापारा शहर मंडल के पदाधिकारियों एवं बूथ प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में पहुंचने पर तीनो मंडल के मंडल अध्यक्षो ने जिला प्रभारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

निपनिया पहुच कर एवं भाटापारा भाजपा कार्यालय दोनों जगहों में जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी ने मंडल अध्यक्ष व महामंत्रियों अन्य सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीकाकरण अभियान से जुड़े ओर दूसरे लोगों को भी प्रेरित कर टीकाकरण आवश्यक है ये बात जरूर समझाए। बूथ प्रमुख व शक्ति केंद्र प्रमुख के साथ मंडल पदाधिकारी महीने दो महीने में बैठक करें। उन्होंने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की।

कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। वे धरातल पर काम कर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का काम करें।

गोहकेला में लाखों की घटिया नाली निर्माण का आरोप पर जांच की मांग

देवभोग/नवप्रदेश। मनरेगा अधिकारी के साथ तकनीकी सहायक द्वारा ब्लॉक अंतर्गत पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यो पर गुणवत्ता को ध्यान देते हुए नियमानुसार काम करने के लिए लगातार कहा जा रहा है ।लेकिन पंचायत के जिम्मेदार सरपंच सचिव निर्माण कार्य में कांटा मारी कर सरकार को चूना लगाते नजर आ रहे हैं।

कुछ ऐसा ही गोहेकेला पंचायत मैं देखने को मिल रहा है। जहां मनरेगा के तहत पंडितपारा के नलकूप से लेकर नाला तक लाखों की लागत से नाली निर्माण स्वीकृत हुआ और काफी दिन बीतने के बाद सरपंच सचिव द्वारा नाली निर्माण कराया गया लेकिन नाली निर्माण में पूरी तरह मापदंडों को दरकिनार करने का आरोप लगाया जा रहा है। क्योंकि निर्माण एजेंसी ने लंबाई चौड़ाई के साथ नाली को आड़ा तिरछा निर्माण कराया है। जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा कई तरह के सवाल खड़े कर रहे है। क्योंकि पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी एस्टीमेट के अनुसार एक घमेला सीमेंट दो घमेला रेती और चार घमेला गिट्टी का मसाला बना कर पुलिया में इस्तेमाल नहीं किया गया। बल्कि स्टीमेट को ठेंगा दिखाते हुए कहीं रेती की मात्रा अधिक तो कहीं सीमेंट की मात्रा में कांटा मारी किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। जिसके मद्देनजर मजबूती को लेकर भी संखा जाहिर किया जा रहा है।

सबसे खास बात तो यह है कि सरपंच सचिव द्वारा निर्माण नाली पर पानी की तरह नहीं कराया गया सिर्फ और सिर्फ ऊपर वाले के खंड वर्षा के ऊपर निर्भर रहे ऐसे में नाली निर्माण की मजबूती का आकलन किया जा सकता है। बावजूद इसके सरपंच सचिव गुणवत्ताहीन नाली का सांठगांठ कर मूल्यांकन और सत्यापन कराने की जुगाड़ में लग गए हैं।

> अगर नाली निर्माण में एस्टीमेट और गुणवत्ता को दरकिनार क्या गया है तो बिल्कुल कार्यवाही किया जाएगा।
> **एमएल मंडावी, सीईओ**

पर्युषण पर्व का अंतिम दिवस

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म : ब्रह्म अर्थात आत्मा में रहना ही ब्रह्मचर्य है

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री सकल दिगम्बर जैन मंदिर जी में श्री 1008 वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक, दशलक्षण महापर्व के

अंतिम दिवस भगवान निर्वाण कल्याणक मना निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म धूम धाम से मनाया गया। सुबह श्री जी का मंगल अभिषेक, शांतिधारा व पूजन किया गया। श्री 1008 वासुपूज्य भगवान जी की प्रतिमा को मस्तक में विराजमानकर पाण्डुकशिला पर विराजमान कर सभी श्रावकों ने अभिषेक क्रिया सम्पन्न की। सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं ने अभिषेक का लाभ लिया। शांतिधारा का सौभाग्य का श्री सुनील-रेखा, नितिन-सपना, नमन, गीतिका, जतिन व सेजल छाबड़ा सपरिवार और श्रीमती वीना देवी, गौरव-स्वीटी, सौरव-रश्मि, वैभव-प्रिंसी, दर्शन, कर्तव्य, मिताली, आरव, द्रव्य, कृतार्थ गदिया व सपरिवार को प्राप्त हुआ। महाआरती का सौभाग्य श्री सुनील-रेखा, नितिन-सपना, नमन, गीतिका, जतिन व सेजल छाबड़ा सपरिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात संगीतकार सुशील जैन, भोपाल द्वारा तीर्थंकर जन्मे माई तोरे अंगना में, महावीरा जन्मे आज माई तोरे अंगना में गाकर सभी भक्तों ने धूमधाम से आरती व भक्ति की। आरती पश्चात देवशास्त्रगुरु पूजा, सोलहकारण पूजा, दशलक्षण पूजा, रत्नत्रय पूजा, वासुपूज्यनाथ पूजा, आचार्य श्री जी की पूजा संम्पन्न हुई। धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कृत वास्तु विद ज्योतिषाचार्य सचिन जैन शास्त्री भैया जी (पृथ्वीपुर) ने कहा कि- आज का दिन बड़ा महत्वपूर्ण दिन है। प्रारम्भ में जो रस आता है, उससे भी बहुत गुणा रस अन्तिम समय, उपसंहार होते समय भी आता है। आज का यह ब्रह्मचर्य धर्म आत्मा के साथ सम्बन्ध को लिए हुए है।अपने रूप में उस प्रकार लवलीन होना जहाँ पर किसी भी प्रकार का सम्बन्ध नहीं रहता। अपने आप में लीन होना कहो या ब्रह्मचर्य कही एक ही बात है। आत्मा की टेढ़ी चाल होने के कारण बाहर के द्रव्यों की याचना करता हुआ भ्रमण कर रहा है, दुख का अनुभव कर रहा है। जिस प्रकार कस्तूरी नाभि से निकलती है, फिर भी मृग इधर-उधर भटकता है। उसी प्रकार इस जीव की स्थिति है। जो हम चाहते हैं, वह हमारे ही पास है, पर हम दूसरे द्रव्यों में खोज रहे हैं, फिर भी उस स्थिति को प्राप्त नहीं कर सके और प्राप्त करेंगे भी कैसे? जो कुछ हमारे पास है, उसका हमें ज्ञान ही नहीं होता, हम उसकी कीमत ही नहीं समझते, उसका अनादर करते हैं, वह हमें देखने में भी नहीं आता। यह उसी प्रकार है जिस प्रकार हम आँखों के द्वारा दूसरे पदार्थ को तो देख सकते हैं, पर अपनी आँख को नहीं देख सकते।

विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये

राजनांदगांव। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2021 को विशेष साक्षरता अभियान अंतर्गत आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए देशव्यापी विशेष जागरूकता अभियान संचालित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव विनय कुमार कश्यप के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला एवं तालुका स्तर पर विधिक सेवा योजनाओं के संबंध में व्यापक रूप से देशव्यापी विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं डॉक्टर जैनेंद्र शांडिल्य

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डॉ. जैनेंद्र यूं तो पेशे से एक चिकित्सक (एमबीबीएस) हैं, पर इनका बस्तर प्रेम भी गजब का है, जिसे लोग हाथों हाथ ले रहे हैं। बस्तर प्रेम पर आधारित उनके एक यू चैनल पर लगभग 50,000 सब्सक्राइबर हैं तथा करोड़ों लोगों ने देखा है।

डॉ. जैनेंद्र, भीतररास सिहावा, तहसील नगरी, जिला धमतरी जिले की नगरी तहसील स्थित भीतररास गांव के निवासी हैं जो वर्तमान में नारायणपुर (अबूझमाड़) जिले से 52 किमी भीतर धनोरा ग्राम में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। अस्पताल में रोजाना चिकित्सकीय सेवा देने के साथ ही साथ डॉ. जैनेंद्र स्वयं सबंधित उप स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफके साथ नदी-पहाड़ पार कर गांव-गांव जाकर घर-घर पहुंचा रहें हैं चिकित्सकीय सेवा। यहां तक कि रविवार या छुट्टी के अन्य दिनों में भी सेवा देने में तत्पर हैं।

बातचीत में उन्होंने कहा कि मेरा पूरा जीवन उन लोगों के लिए है जो गरीब हैं-लाचार हैं, जो अपने ही हक के लिए बोल भी नहीं पाते, जो अपना स्वास्थ्य का हक, सभी योजनाओं का लाभ लेने से भी हिचकिचाते हैं, वे सब मेरे अपने हैं। इसकी वजह ये है कि मैंने खुद अपने निजी जीवन में बहुत सी परेशानियां झेली हैं। मध्यम परिवार के होने के साथ ही साथ मैंने खेती-किसानी, मेहनत-मजदूरी और बहुत पढ़ाई की है। मेरा पूरा परिवार मानसिक रोग से ग्रसित था। बड़े दुख के साथ मुझे यह बताना पड़ रहा है कि मेरे आधे परिवार को इस मानसिक रोग ने खा लिया, छोटे से गांव में जानकारी के अभाव में चिकित्सकीय इलाज ना करके, झाड़ फूंक ही चलता था, तब तो मैं छोटा था पर इसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा। इसी तरह पिताजी के गुजर जाने के बाद एक समय ऐसा भी था जब मेरे एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए फीस नहीं थी। ना ही हॉस्टल में खाने पीने, महीना चलाने के लिए पैसे, तब मेरे शिक्षकों व दोस्तों ने मदद की। वो हर महीने मेरे खाते में पैसे भेजते थे। ऐसी ही बहुत-सी परेशानियां झेली तब जाकर एक एमबीबीएस डॉक्टर बना हूं। इसलिए मैं ऐसे लोगों की परिशानियों को अच्छे से समझ सकता हूं और मेरी कोशिश यही रहेगी कि मेरा पूरा जीवन इनकी सेवा में लगा दूं। धनोरा पंचायत व गांव के लोगों ने बताया कि ऐसी जगह में एक एमबीबीएस डॉक्टर का आना हमारे लिए भगवान के आने बराबर है। छोटे से गांव धनोरा में स्टाफमर्टर व किराए के मकान के अभाव में भी वो धनोरा में ही रहकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। दिन-रात कभी भी उनको याद करने पर तुरंत पहुंच जाते हैं। सभी गांव वाले डॉ. जैनेंद्र के काम से खुश हैं।

छत्तीसगढ़ पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे हैं डॉ. जैनेंद्र

डॉ. जैनेंद्र एक डाक्टर होने के साथ ही समय निकालकर अपनी पत्नी रीता शांडिल्य के साथ यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से छत्तीसगढ़ पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे हैं। वे दोनों यू-ट्यूब वीडियो बनाकर बस्तर और छत्तीसगढ़ की खूबसूरती देश-दुनिया में फैला रहे हैं, जिसे लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं। उनके यू चैनल पर अब तक लगभग 50,000 सब्सक्राइबर हैं। वहीं उनके वीडियो को अब तक करोड़ों लोगों ने देखा है।

पुलिस दीवारों पर पंपलेट लगा व चाय पिलाकर दे रही ग्रामीणों को जागरूकता संबंधी जानकारी

कबीरधाम जिले के थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस की अनोखी पहल

- **हेलमेट रैली निकालकर वनांचल ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने किया गया जागरूक**
- **लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते कुल 14 वाहन चालकों से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 3900 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया**

कवर्धा (नवप्रदेश)। कबीरधाम जिले के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र तथा वनांचल क्षेत्रवासियों तक कबीरधाम पुलिस के द्वारा पहुंच कर शासन प्रशासन के द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करने तथा अपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त वनांचल क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम, बैठक एवं खेलों का आयोजन कर जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिस पर एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे तथा डीएसपी मोनिका सिंह परिहार, डीएसपी नक्सल ऑपरेशन अजीत ओगरे से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना सिंघनपुरी जंगल प्रभारी निरीक्षक आनंद शुक्ला के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के वनांचल गांवों में पहुंच कर ग्रामीणों एवं पूर्व में पुलिस से जुड़कर पुलिस मित्र बने पुलिस मित्रों के साथ चाय के साथ चर्चा की जा रही। वहीं ग्रामवासियों को वनांचल क्षेत्र में घटित होने वाले घटनाओं से अवगत कराया

जा रहा। किसी भी प्रकार के कोई भी अपराधिक तत्व क्षेत्र में नजर आए तो पुलिस को सूचित करने अपील की जा रही। ताकि समय रहते किसी बड़े अपराध को घटित होने से पूर्व टाला जा सके। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वनांचल नक्सल प्रभावित ग्रामों में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए मोटरसाइकिल पर हेलमेट रैली निकालकर विभिन्न ग्रामों में पंपलेट का चस्पा कर साइबर अपराध से बचने के उपाय एवं यातायात नियमों की जानकारी का चस्पा दीवारों पर करते हुए आम जनों को एटीएम का पासवर्ड नंबर गोपनीय रखने, जमीन संबंधी विवाद का निपटारा शांतिपूर्ण ढंग से करने, आवश्यकतानुसार नगदी रकम ही घर में रखने एवं बड़े रकम को बैंक में जमा करने, किसी भी बीमारी का डॉक्टरी इलाज कराने ना कि झाड़-फूंक के सहारे रहने, मोबाइल पर लॉटरी लगने या इनाम प्राप्त होने की जानकारी पर गुमराह ना होने, आधार कार्ड, पैन कार्ड, आदि आवश्यक दस्तावेज किसी भी अनजान व्यक्ति को नहीं देने, बालक बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल अवश्य भेजने, महिलाओं तथा बालक बालिकाओं पर यदि कोई घटना घटित होने पर पुलिस के समक्ष जानकारी आवश्यक रूप से देने, थर्ड जेंडर के अधिकारों की जानकारी देते हुए उनका सम्मान करने, कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण कराने, मोटर साइकिल पर तीन सवारी ना चलने, हेलमेट का उपयोग करने, वाहन के आवश्यक दस्तावेज हमेशा साथ रखने, जैसे आवश्यक जानकारी जा रही है। वहीं पुलिस इस दौरान कार्रवाई भी कर रही। लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहे 14 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 3,900 रुपए का चलानी कार्यवाही किया गया है।

सामूहिक विवाह योजना गरीब बेटियों के लिए वरदान

गरियाबंद। गरीब माता-पिता के लिए बेटी का हाथ पीला करना किसी पुण्य कार्य से कम नहीं होता। हर मां-बाप की यही चाहत होती है कि अपनी बेटी की शादी धूमधाम, रीति-रिवाज और सम्मान से हो। लेकिन आर्थिक तंगी और गरीबी के चलते यह हमेशा संभव नही हो पाता, ऐसे में माता-पिता के सपने अधूरे रह जाते है। एक गरीब माता-पिता के लिए बेटी का विवाह बहुत अच्छे से सम्पन्न होना सपने साकार होने जैसा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत ऐसे ही गरीब बेटियों के सपने पूरा करने में भूपेश बघेल सरकार जुटी है। शासन के बागडोर संभालते ही गरीब बेटियों की चिंता करते हुए विवाह की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया। इससे बेटियों की शादियों में होने वाले खर्च का बोझ कम हुआ। योजना अंतर्गत जिले में अभी तक 420 बेटियों के हाथ पीले हुए हैं। इसमें 2018-19 में 102, वर्ष 2019-20 में 174 एवं वर्ष 2020-21 में 144 गरीब बेटियों के जीवन में नई खुशहाली आई है।

विश्वकर्मा जयंती मनाई गई

खरोरा। शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस बार मजदूरो में भी उत्साह देखने को मिला। नव युवक विश्वकर्मा समिति तिल्दा रोड में भगवान विश्वकर्मा की स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

देवशिप्ली की जयंती मनाई जा रही

भटगांव। नगर के टैक्सी संघ के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा। भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर तीन दिवसीय विश्वकर्मा

जयंती का आयोजन किया जा रहा है। भगवान विश्वकर्मा निर्माण कार्य के देवता के रूप में माना जाता है। इस दिन मिस्त्री वर्ग के लोगों के द्वारा औजारों की साफ-सफाई कर विधि विधान से पूजा कर प्रसाद वितरण किया जाता है।

प्रथम पेरेंट्स जनसंपर्क मीटिंग का हुआ आयोजन

औंधी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औंधी में समस्त पालकों की बैठक बुलाई गई जिसमें छात्राओं के द्वारा गुटखा एवं नशीली चीजों का सेवन ना करने का मार्गदर्शन दिया गया तथा विद्यालय का अवलोकन किया गया। विद्यालय में बिना मॉस्क के शाला में प्रवेश नहीं करने का मार्गदर्शन दिया गया। विद्यालय में पानी, बिजली, पंखा आदि के बारे में अवगत कराया गया। हर शनिवार को शालाओं के आसपास साफसफाई करवाने के बारे में जानकारी दी गई।

किशोर न्याय बोर्ड और बालक कल्याण समिति को मिला अपना भवन

धमतरी। अब जल्द ही किशोर न्याय बोर्ड और बालक कल्याण समिति कंपोजिट भवन के बाजू अपने भवन में संचालित होगा। इससे बच्चों के हितों के संरक्षण और उचित देखभाल में सहूलियत होगी। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा बनाए गए इस भवन का लोकार्पण किया। गौरतलब है कि 36 लाख 95 हजार रुपए की लागत से यह सर्वसुविधायुक्त भवन बनाया गया है। इसमें पक्षकार तथा बच्चों की बैठने की व्यवस्था जहां खिलौने भी रहेंगे, काउसिलिंग कक्ष, स्टाफ कक्ष,किशोर न्याय बोर्ड के न्यायाधीश एवं सदस्यों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, अधिवक्ताओं के लिए बैठक कक्ष, लीगल एड क्लिनिक की सुविधा रहेगी, जहां विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बच्चों संबंधी कानूनी सलाह दी जाएगी। इसके अलावा लाइब्रेरी भी बनाया गया है जिसमे बाल अधिनियम, आईपीसी , सीआरपीसी की धाराओं, साक्ष्य अधिनियम इत्यादि सम्बन्धी पुस्तकें रहेंगी , पेयजल के लिए आर ओ,पार्किंग, प्रसाधन की सुविधा रहेगी। इस भवन के बन जाने से अब बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड में नियमित पेशी में सुविधा होगी। आवश्यकता वाले बच्चों के संरक्षण और देखरेख में भी सहूलियत होगी। ध्यान रहे कि किशोर न्याय बोर्ड और बालक कल्याण समिति अभी अस्थाई रूप से अन्यत्र भवनों में संचालित है।

विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से हुआ कठिया में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण

- **कठिया को मिला 35 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात सहित 20 लाख रूपये की स्वीकृति**

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा । बेरला ब्लाक के ग्राम कठिया के आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एव सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथगणों के द्वारा भगवान देव शिल्पी विश्वकर्मा की पूजा अर्चना किया गया। विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से हाई स्कूल में आहता निर्माण कार्य 10 लाख, सुगम सड़क योजना अंतर्गत पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख, दुर्गा मंच, सतनाम मंच 5 लाख रूपये ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश चतुर्थी व भगवान विश्वकर्मा जयंती सहित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण का भव्य आयोजन रखा गया है, छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है। छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशों में भी है, प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बने है तब से प्रदेश की खुशहाली, एकजुटता, विकास हमारी बोली भाखा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। देश में हमारे छत्तीसगढ़ की सस्कृति 0की अलग ही पहचान है।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित करने और सहेजने का काम छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा को सहेजने का काम छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ यहा के तीज-त्यौहारों में शासकीय अवकाश देने की शुरूआत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार ने की है। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

क्षेत्र के 200 से ज्यादा युवा, महिला व बुजुर्गों ने विधायक के समक्ष किया कांग्रेस प्रवेश

बेमेतरा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में सैकड़ों युवक, महिला सहित बुजुर्ग पहुंचे। उन्होंने विधायक आशीष छाबड़ा एवं जिला अध्यक्ष बंशी पटेल के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। प्रदेश के भूपेश बघेल सरकार की कार्यकाल से प्रभावित होकर लोगों में जागरूकता आई, रवि परघनिया एवं देव कुमार यादव के नेतृत्व में जेवरी, खमरिया, तिरैया सहित कई गांव के लगभग 200 से ज्यादा युवक एवं महिला को कांग्रेस में प्रवेश विधायक आशीष छाबड़ा ने गमछा पहनकर सभी का स्वागत कर कांग्रेस के विचार धारा से जुड़कर काम करने की बात कही।

सहकारी समिति मर्यादित उतई का वार्षिक आमसभा संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। वृहताकार सहकारी समिति मर्यादित उतई का वार्षिक आमसभा का आयोजन मवेशी बाजार स्थित प्रगन में किया गया,इस समिति के अंतगर्त आने वाले 5 गांव उतई, खोपली, उमरपोटी, डूमरडीह व डूंडेरा के किसान मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग अध्यक्ष जवाहर वर्मा ने की। विशेष अतिथि जिला कृषि उपज मंडी बोर्ड दुर्ग अध्यक्ष अश्वनी साहू, नगर पंचायत उतई अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, पुरुषोत्तम तिवारी, खुमान साहू, रविंद वर्मा, माधो साहू, दिनेश देशलहरे, तमेश्वरी साहू, सुनीता शर्मा, अश्वनी वर्मा ने की ।

कार्यक्र म की शुरुवात बलराम भगवान की तैलय चित्र पर पूजा अर्चना कर शुरुवात की गई। ततपश्चात वृहताकार सहकारी समिति के अध्यक्ष रूपनरायण शर्मा स्वागत भाषण किया। आय का ब्यौरा बताते हुए समिति प्रबंधक गिरधर सोनी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में समिति को 58 लाख की आमदनी हुई है।

गृहमंत्री ने सभा में वीडियो कॉल माध्यम से जुड़ते हुए कहा किसानों के हित मे कार्य करने से ही इस समिति की साथर्कता है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष जवाहर वर्मा ने कहा किसानों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इनकी सेवा मतलब साक्षात छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा हुई। कृषि उपज मंडी बोर्ड अध्यक्ष अश्वनी साहू ने किसान कुटीर व चबूतरा एवं शेड निर्माण सीमेंटीकरण के कार्यो की स्वीकृति प्रदान की। उपस्थित किसानों को साल व श्रीफल से सम्मानित किया गया।

इस दौरान समिति प्रबंधक गिरधर सोनी, तोषण साहू, डोमन चतुर्वेदी, राधेश्याम साहू, दिवाकर गायकवार्ड, डॉ प्रह्लाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, केसर साहू, हरीश यादव, तुला राम साहू, सुमंत साहू, फत्ते वर्मा, रोशन बमभोले, देवेन्द पटेल, कुशाल चंद साहू, लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, पुरेन्द्र वर्मा, घनश्याम चंद्राकर, दिनेश गांधी, अशोक साहू, खेमन्त देवगन, खूबी राम साहू, बिसाल राम साहू, तिलक साहू, खोवा लाल, पुरान साहू, गोविंद साहू, प्रह्लाद साहू, चंद्र कला काकड़े, कुशल साहू सहित सैकड़ों किसान व कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

पुलिस ने सटोरियों पर की कार्यवाही

बेमेतरा। एसपी बेमेतरा अरविंद कुजूर के ने जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा समेत अन्य अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के निर्देश सभी चौकी व थाना प्रभारियों को दिए है। जिस पर रोजाना थाना व चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में साजा पुलिस व सिरवाबांधा पुलिस ने दो सटोरियों को पकड़ा है। दोनों ही थानों की पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि गौठान के पास सिरवाबांधा थाना साजा मोहभट्ठा तालाब के पास में विभिन्न स्थानों पर कुछ आरोपियों के द्वारा सट्टा पट्टी लिखा जा रहा है। इस पर सजा पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए मनहरण दास कुर्रे 33 साल निवासी सिरवाबांधा थाना और रवि यादव निवासी मोहभट्ठा थाना साजा को पकड़ा गया। इन आरोपियों से नकदी रकम 4080 रुपए एवं सट्टा-पट्टी, डांट पेन जब्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थानेदारों ने बताया कि पुलिस की यह अभियान लगातार जारी रहेगी। पुलिस द्वारा रोजाना की जा रही कार्रवाई से सटोरियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस आईपीएल के बड़े सटोरियों पर नजर रख रही है।

विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

खरोरा। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में विद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें चलित व स्थिर प्रादर्श का प्रदर्शन किया गया। 9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। इस प्रदर्शनी में 40 प्रादर्श का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्वेता शर्मा, रीता रानी वर्मा व सुनीता सिंह थी। नवाचार प्रयोग के लिए प्राचार्य रजनी मिंज,उप प्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता पुरषोत्तम देवांगन ने छात्र छात्राओं की तारीफ की है। विभिन्न मॉडल व टीएलएम बनाने वाले छात्र छात्राओं में गोमती वर्मा, भूमिका वर्मा, शुभम चेलक, ईशा नायक, कुसुमलता, धनेश्वरी देवांगन, पिंकी पटेल, रितु, प्रियंका, पिंकी, प्रतिमा, नीलम, नेहा चक्रधारी, गायत्री, आरती, समीर कुर्रे, प्रदीप नायक, दीपिका देवांगन, गोदावरी देवांगन, हेमा दिवान, लक्ष्मी, अंजलि के मॉडल सराहे गए। इसी प्रकार रूपेंद्र निषाद नीरज तिवारी ने अलग ही नवाचारी प्रयोग दिखाया। सुनीता रात्रे, दामिनी टण्डन, पायल साहू, चेतना देवांगन, भूपेश पाट कर, घनश्याम सारथी, लक्की निर्मल कर ने भी नवीन प्रादर्श का प्रदर्शन किया। सीता वर्मा, विधि मोनिका, हेमलता भूमिका साहू, जागृति देवांगन अनुराधा, कामिनी मयंक यादव, पूजा वर्मा के टीचिंग लर्निंग मटेरियल ने ध्यान आकर्षित किया। ममता देवांगन, शुभम धीवर, पलक, माया, झरना भोजराम, भूमिका, सुमित, आस्था शर्मा, तृप्ति देवांगन, अंजलि आरती, हिमांशु वर्मा, तनु सेन, खिलेश्वरी, लिशु, प्रियांशी, रेणुका साहू, आकाश, वीना, निर्मलकर के प्रोजेक्ट को भी पसंद किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मुख्यमंत्री का मेगा...

और निर्माण के कार्य लगातार चलते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 401 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 2708 करोड़ की लागत के 332 कार्य सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण के हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की। इस अवसर पर स्वास्थ मंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य मंत्री, राज्यसभा व लोकसभा सांसद, संसदीय सचिव व विधायक वर्चुअल रूप से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते जून माह में राज्य के सभी जिलों में विभिन्न विभागों के कुल 8188 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया था, जिनकी कुल लागत 6 हजार 845 करोड़ रुपए थी। जून माह में ही घर-घर तक पेयजल पहुंचाने के लिए 238 करोड़ रुपए लागत की 658 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया था, जिस पर तेजी से काम जारी है। तब से लेकर अब तक लगातार और भी बहुत से नये कामों की शुरुआत हुई है, और पूर्ण हो चुके कामों का लोकार्पण भी लगातार किया जा रहा है।

राज्य में सड़क नेटवर्क को...

निर्माण और जन-सुविधा विकास की योजनाओं पर भी तेजी से काम कर रहे हैं। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बेहतर आवागमन सुविधा के लिए 312 सड़कों एवं पुलों का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 266 करोड़ की लागत वाले 2262 कार्य तेजी से पूरे कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इससे राज्य में सड़क नेटवर्क को और मजबूती मिलेगी। साथ ही जन सुविधाओं का विकास तेजी होगा।

अंबिका सोनी...

के नाम पर सहमत हुआ तो नवजोत सिद्धू उस वक्त चंडीगढ़ के होटल से गुस्से में बाहर निकल आए थे। पार्टी में विद्रोह को शांत करने के लिए आखिर में चन्नी के नाम पर घोषणा की गई।

धर्मान्तरण के विरोध...

ना करवाए।

मीनल चौबे की माने तो बीते दिनों बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने धर्म की रक्षा की तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, कुछ लोगों पर केस भी दर्ज है, लेकिन जो धर्मांतरण के कार्य में लिप्त है, जो दूसरों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई नहीं हुई। इन्ही वजहों से प्रदेश में धर्मांतरण बढ़ता चला जाएगा। प्रभात फेरी के माध्यम से भूपेश सरकार को चेतावनी देना चाहते है कि यदि ऐसी ही गतिविधियां रही तो शहर की जनता उनके खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी।

धर्मान्तरण के विरोध ...

खिलाफ क्या योजना बनाई, लेकिन इसका जवाब दिए बिना भाजपा राज्य सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है। मरकाम ने कहा कि राज्य सरकार लगातार कह रही है कि भाजपा के पास यदि कोई भी धर्मांतरण की शिकायत है तो उसे थाने में जाकर दर्ज करवाएं,जिस पर पुलिस ठोस कार्रवाई करेगी। मरकाम ने कहा कि भाजपा केवल सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का काम कर रही है।

रायपुर पुलिस...

माउली होटल के पास वीरेंद्र रात्रे नाम के युवक पर हमला हुआ था। भरत, जग्गा और सिद्धू ने मिलकर हमला कर किया था। वीरेंद्र के साथ जग्गा और सिद्धू का पुराना झगड़ा था। इसका बदला लेने दोनों भरत के साथ यहां पहुंचे। तीनों बदमाशों ने वीरेंद्र को घेरा और मारपीट की। वीरेंद्र की हत्या करने की नीयत से यह बदमाश अपने साथ देशी कट्टा और चाकू लेकर पहुंचे थे। इनके साथी भरत ने यह कट्टा पश्चिम बंगाल से खरीदा था। वीरेंद्र के पास जाते ही इन्होंने कट्टा उसके सिर पर टिका दिया, इसके बाद भारत वर्मा और जागेश्वर ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वीरेंद्र की पसली और सिर के पास गहरे जख्म हो गए। खून बहने लगा वह, वहीं गिर पड़ा। आस पास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो तीनों भाग निकले। मामले की जानकारी पुलिस के पास पहुंची और आधे घंटे के भीतर भनपुरी इलाके से ही पुलिस ने भरत वर्मा और जागेश्वर उर्फ जग्गा को हिरासत में ले लिया। रविवार को कोर्ट ले जाने से पहले पुलिस ने घटनास्थल के आस पास के इलाके में भरत और जागेश्वर का सिर मुंडवाकर उनका जुलूस निकाला। दोनों पेशेवर अपराधी है। भरत (25 साल) और जागेश्वर (26 साल) खमतराई इलाके में पिछले कई सालों से आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। भरत के खिलाफ खमतराई थाने में हत्या के प्रयास के दो, लूट का एक, चोरी का एक, शराब तस्करी, गाली-गलौज और मारपीट के 7 मामले दर्ज हैं। जागेश्वर के खिलाफ हत्या के प्रयास के दो, आर्म्स एक्ट के तहत तीन, मारपीट और गाली-गलौज के पांच, छेड़खानी का एक और जुआ एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है।

सुनीता ने राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी स्पर्धा में जीता गोल्ड मेडल

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक अंतर्गत धुर नक्सली प्रभावित क्षेत्र चिंतनपल्ली की छात्रा सुनीता मुड़मा ने रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है। राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु आज विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण श्री विक्रम मंडावी, कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री अजयसिंह, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सुनीता मुड़मा को हार्दिक बधाई दी तथा उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। स्पोर्टस अकादमी बीजापुर के तीरंदाजी कोच श्री दुर्गेश प्रताप सिंह ने बताया कि स्पोर्टस अकादमी बीजापुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सुनीता मुड़मा इसके पूर्व भी राज्य स्तरीय जूनियर तीरेदाजी स्पर्धा में चैम्पियनशिप हासिल किया है। इसके साथ ही राज्य स्तरीय आदिवासी प्रतियोगिता में पृथक स्थान अर्जित कर चुकी हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

अग्रवाल सेवा समिति सक्ती द्वारा 25 व 26 दिसंबर को परिचय सम्मेलन

सक्ती/नवप्रदेश। शहर के कमला हरी एवेन्यू स्टेशन रोड में 25 एवं 26 दिसंबर को अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का दो दिवसीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए अग्रवाल सेवा समिति का गठन किया गया है। समिति में छेदीलाल गर्ग, गोपाल चंद्र अग्रवाल, किशनलाल, रामकुमार, शंकरलाल अग्रवाल, अमर अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, राजेश अग्रवाल; सुरेश अग्रवाल; हरिओम अग्रवाल; मुरारी अग्रवाल को समिति में शामिल किया गया है।

मिशन मोड में हो रहा कोविड टीकाकरण

कोरिया/नवप्रदेश। संसदीय सचिव एवं बैकुण्ठपुर विधायक अंबिका सिंहदेव ने लोगों से कोविड वैक्सीनेशन कराने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अफ्वाहों पर ध्यान न दें, यह पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने सभी लोगों को टीकाकरण टीम का सहयोग करने की अपील की है। टीकाकरण से ही कोरोना महामारी को हराया जा सकता है। डरें नहीं, टीकाकरण अवश्य करायें। कलेक्टर श्याम धावड़े के निर्देशानुसार राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मिशन मोड में टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में अब तक 3 लाख 5 हजार 35 टीकाकरण किए गए हैं। इसमें 2 लाख 34 हजार 189 प्रथम एवं 70 हजार 846 दूसरा डोज शामिल हैं।

दिव्यांगों को मिला ट्रायसायकल

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छग विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेष महामंत्री एवं जांजगीर चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल क्षेत्र के दिव्यांगों को मोजराईज्ड ट्रायसायकल का वितरण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा और समर्पण कार्यक्रम के तहत दिव्यांगों को ट्राई साइकिल दिया गया। कार्यक्रम विधायक के जनसंपर्क कार्यालय रेलवे स्टेशन चौक जांजगीर नैला में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग सुश्री नफीजा खान ग्राम पाली, प्रेम कुमार साहू ग्राम मेंहन्दा, दीनदयाल सूर्यवंषी ग्राम खोखरा, अरविंद कुमार ग्राम मरकाडीह, सुमन यादव ग्राम कन्हाईबंद, तीज बाई साहू ग्राम नवापारा (अमोदा) से चर्चा कर उनका कुशलक्षेम पूछा और सभी को अनाज रखने के लिए थैला भी भेंट किया। इसके साथ ही उन्होंने अनेक वृद्धजनों को जिन्हे आंशिक रूप से कम सुनाई देता है, जो कम सुनने की बीमारी से ग्रसित है। ऐसे गरीब तबके के लोगों को श्रवण यंत्र दिया।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी अभिषेक मीना कर रहे प्रोत्साहित

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीना द्वारा सोशल पुलिसिंग एवं कानून व्यवस्था निष्पादन के कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। गत दिनों सरिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोहे का कत्ता दिखाकर मोटर सायकल की लूटपाट कर भाग रहे हथियारबंध आरोपी को थाना पुसौर के आरक्षक एवं डॉयल 112 स्टाफ द्वारा निडरतापूर्वक खेत में दौड़ाकर पकड़े। थाना पुसौर के दोनों आरक्षकों एवं डॉयल 112 के वाहन चालक का हौसला बढाने एसपी अभिषेक मीना अपने कार्यालय बुलाकर नकद राशि इनाम दिया गया था। इसी दौरान उन्होंने कोसीर क्षेत्र अन्तर्गत लूट के आरोपितों को पकड़ने वाले आरक्षकों को पुरस्कृत करने की घोषणा किया गया था। इसी क्रम में आज एसपी अभिषेक मीना द्वारा दिनांक 26/08/2021 की रात्रि थाना कोसीर क्षेत्रान्तर्गत परसदा बडे मेन रोड पर पल्सर सवार दो अज्ञात आरोपियों द्वारा एयर ?पिस्टल दिखाकर दो युवकों के साथ लूटपाट के आरोपियों को 7 सितंबर को छिंद रोड़ पर संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़े। दोनों फिर लूटपाट की वारदात को अंजाम देने एयर पिस्टल पकड़े अपने शिकार की तलाश में थे। दोनों को थाना लाया गया। तब दोनों दिनांक 26/08/2021 को लूटपाट की वारदात को स्वीकार किये। दोनों आरोपियों को हथियार समेत पकड़ने वाले थाना कोसीर के तीन आरक्षक जीतराम लहरे, नवीन शुक्ला और प्रकाश धीरही को आज कार्यालय में एसपी अभिषेक मीना द्वारा नकद 10,000 रूपये की इनाम राशि से पुरस्कृत कर आगे भी अच्छा कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किये।

सरपंच-उपसरपंच सहित छः भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

कांग्रेस पार्टी जन-जन की पार्टी है: विक्रम शाह मंडावी

बीजापुर/नवप्रदेश। बुधवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर के स्थानीय विधायक भवन में भाजपा समर्थित सरपंच एवं उपसरपंच सहित छः कार्यकर्ताओं ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर के विधायक विक्रम शाह मंडावी, ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि जगबंधु माँझी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति और प्रदेश की भूपेश सरकार और क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी के जन कल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम लिया है।

भाजपा से कांग्रेस प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत चेरपाल की सरपंच पिंकी पुनेम, उपसरपंच गोपाल पुजारी, पुरुषोत्तम जेट्टी एवं ग्राम पंचायत रेड्डी के उपसरपंच संतोष मंचाल, प्रवीण गोंगला, एवं कन्हैया पेरमा प्रमुख रूप से शामिल है।

भाजपा से कांग्रेस प्रवेश करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जन-जन की पार्टी है प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की दूरगामी सोच का ही परिणाम है की आज विकास गाँव गाँव तक पहुँच रहा है।

इस दौरान ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, सह-प्रवक्ता प्रवीण उद्दे, कांग्रेस के मीडिया राजेश जैन, कांग्रेस नेता विरेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंगालूर के अध्यक्ष मंगल राना, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद सदस्य सुमित्रा, सरपंच गंगालूर राजू कलमुम, दिनेश पुजारी, राजू पनिक, कृष्णा बोल्ली, राजैय पसपुल, नारायण मुम्मीर अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहर की सड़कें हो गई बदहाल, लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। शहर की सड़कों का बुरा हाल है, जगह-जगह पर गड्ढे हो गए हैं। जिन पर लोगों का चलना दूभर हो गया है। बावजूद कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इस स्थिति में राहगीरों को आए दिन आवागमन में परेशानी हो रही है। इसको लेकर लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों समेत अधिकारियों को शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है। शहरों की सड़कों की स्थित दिन प्रतिदिन बदहाल होती जा रही है। शहर के लगभग सभी मुख्य मार्ग जर्जर हो चुके हैं। वहीं बीच-बीच में औपचारिकता निभाने के लिए पैंचवर्क किया जाता है। लेकिन कुछ दिनों बाद ही वह पुरानी स्थिति में आ जाते हैं। सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। इन जर्जर सड़कों के कारण ही सड़क हादसों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है।

इन जगहों पर हो गए बड़े-बड़े गड्ढे: जिला मुख्यालय के अंदर से गुजरी एनएच की हालत बद से बदतर हो चुकी है। जानलेवा गड्?ढ़ों की वजह से राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। एनएच सरोवर में तब्दील हो चुकी है। पानी भर जाने से कई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सड़क पर डस्ट डालकर व सड़क किनारे गड्ढे खोदकर मरम्मत की औपचारिकता निभाई गई है। नेताजी, शारदा व कचहरी चौक की हालत ज्यादा खराब है।

जीवन साक्षर बनना है जरूरी: यनिता यशवंत चंद्रा

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जांजगीर-चाम्पा के तत्वावधान में साक्षरता सप्ताह समापन के समापन के अवसर पर जिला स्तरीय ''आखर-सम्मान'' समारोह डाइट जांजगीर के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यनिता यशवंत चंद्रा अध्यक्ष जिला पंचायत विशिष्ट अतिथि राघवेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत एवं यशवंत चंद्रा पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत डभरा एवं अध्यक्षता डीके कौशिक जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर ने की। संतोष कश्यप जिला परियोजना अधिकारी ने पढ़ना लिखना अभियान कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

शिक्षकों व बच्चों के प्रदर्शन से मिलती है स्कूल की पहचान : कलेक्टर

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री भीम सिंह की अध्यक्षता में आज जिले के विभिन्न विकासखंडों में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्यों व शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में किया गया। इस मौके पर सहायक कलेक्टर श्री प्रतीक जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.पी.आदित्य, डीएमसी श्री आर.के.देवांगन उपस्थित रहे।

कार्यशाला में कलेक्टर श्री भीम सिंह ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि अंग्रेजी का अपना महत्व है। उच्च अध्ययन स्तर पर अधिकांश पुस्तकें अंग्रेजी में उपलब्ध होती हैं, जिन तक विद्यार्थियों की पहुंच बनाने और समझ विकसित करने में अंग्रेजी का ज्ञान होना आज जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन से नहीं अपितु शिक्षकों व बच्चों से बनता है। विद्यालयों में शिक्षकों व बच्चों के बीच अंग्रेजी में वार्तालाप का माहौल निर्मित करें। रटने की प्रवृत्ति से बचते हुए समझने की अवधारणा व प्रवृत्ति विकसित करें। शिक्षक बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण निर्मित करने का प्रयास करें।स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल अभी अपने शैशवावस्था में हैं, इसे और बेहतर बनाने की जिम्मेदारी सभी शिक्षकों की है। सहायक कलेक्टर रायगढ़ श्री प्रतीक जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षित और अशिक्षित में वही अंतर होता है जो एक जीवित और मृत व्यक्ति में होता है।

टीबी सघन खोज अभियान में अब तक 1.92 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग

कलेक्टर ने लोगों से की अपील-टीबी खोजी अभियान का सहयोग करें

कोरिया/नवप्रदेश। प्रदेश को वर्ष 2023 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी की सघन खोज एवं उपचार अभियान 10 सितंबर से चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्याम धावड़े के मार्गदर्शन में अब तक इस अभियान के तहत एक लाख 92 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

स्क्रीनिंग में 380 मरीज संदेहास्पद मिले जिनकी टीबी जांच की गई। टीबी जांच में 7 मरीजों के पहचान की गई है। टीबी सघन खोज अभियान 10 अक्टूबर 2021 तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान डोर टू डोर सर्वे के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता सघन खोज करेंगे और जिसमें लक्षण नजर आएगा, उनकी जांच कराई जाएगी। अभियान के तहत टीबी के संदेहास्पद मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए जन जागरूकता को विशेष महत्व देते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

कलेक्टर ने लोगों से की अपील - कलेक्टर ने सभी लोगों से अपील की है कि टीबी खोजी अभियान का सहयोग करें। टीबी के प्रारंभिक लक्षण जैसे - 14 दिनों से ज्यादा का बुखार व खांसी आना, सीने में दर्द व खांसी के साथ मुंह से खून आना, भूख कम लगना व वजन का घटना, बच्चों में वजन का न बढ़ना, रात में पसीना आना आदि दिखने पर जांच जरूर कराएं। टीबी रोग से बचाव के लिए टीबी रोगी का इलाज शीघ्र कराएं।

लक्षण वाले व्यक्ति रोग को छिपाएं नहीं - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा, डोर टू डोर सर्वे में यदि टीम के सदस्य किसी के घर पहुंचे तो टीबी के लक्षण वाले व्यक्ति अपने रोग को छिपाएं नहीं, बल्कि लक्षणों के बारे में खुलकर बताएं। टीबी रोग की पुष्टि होने पर उनका समुचित इलाज होगा। उन्होंने कहा, टीबी हारेगा देश जीतेगा थीम पर चलने वाले अभियान के दौरान टीम के लोग जन सामान्य को माइकिंग, पंपलेट, के माध्यम से भी टीबी से बचाव के लिए जागरूक करेंगे। टीबी रोगी के बारे में सूचना देने वाले को 500 रुपए प्रोत्साहन स्वरूप दिए जा रहे है।

टीबी व कोविड के लक्षण समान-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा ने बताया, ÷टीबी और कोविड के लक्षण मिलते-जुलते हैं, इसलिए ऐसे में खास सावधानी बरतने की जरूरत है। इससे बचने के लिए जरूरी प्रोटोकॉल जैसे-मास्क पहनना अनिवार्य है, क्योंकि इन दोनों ही बीमारियों में खांसने या छींकने से निकलने वाली बूंदों से संक्रमण की संभावना रहती है।

विप्र चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज छत्तीसगढ़ चैप्टर का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

रायगढ़/नवप्रदेश। विप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (वीसीसीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को शाम 6 बजे से रायपुर स्थित होटल बेबीलॉन इन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रधान अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ थे।

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में विप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज छत्तीसगढ़ चैप्टर के पदाधिकारियों ने शपथ ली। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक व रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा, राष्ट्रीय संस्थापक व संयोजक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री रामकिशन ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कचरू प्रसाद शर्मा, वीसीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम शर्मा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष चरण शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस पर जिला युवा कांग्रेस ने निकाली मशाल यात्रा

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को कांग्रेस ने राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व और प्रदेश युंका कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री की उपस्थिति में नगर के नेताजी चौक से कचहरी चौक से सैंकड़ों की तादात में पैदल मशाल यात्रा निकालकर प्रधानमंत्री की गलत नीतियों के के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ने का आरोप लगाते हुए सत्ता छोड़ने की मांग की गई। बेरोजगारी की समस्या के प्रबंधन की असफ्लता के चलते गद्दी छोडने की मांग की। युकां नेताओं ने कहा कि देश के युवाओं को प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का स्वप्न दिखाकर सत्ता हासिल करने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश को ऐतिहासिक बेरोजगारी के भंवर में झोंक दिया है। बेरोजगारी की दर ने पिछले कई दशकों का रिकार्ड तोड़ दिया है। लाकडाउन के दौरान करोड़ों लोग बेरोजगार हुए उनके लिए भी इस मोदी सरकार ने अब तक कोई प्रबंधन नहीं किया। अब मोदी सरकार शासकीय उपक्रमों का निजीकरण कर और बेरोजगारी बढ़ाने में जुट गयी है।

राजा शर्मा बने रायगढ़ किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष

रायगढ़/नवप्रदेश। पीसीसी संगठन प्रभारी महामंत्री एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला ने छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस में नई नियुक्तियां की है जिसमें रायगढ़ किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के पद पर राजा शर्मा की नियुक्ति हुई और किसान कांग्रेस के प्रदेश संयोजक में रामविलास साहू एवं लाल बहादुर चंद्रवंशी की नियुक्ति की गई है राजा शर्मा लगातार 1990 से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ता के रूप में निरंतर पार्टी की निष्ठा पूर्वक कार्य करते रहे हैं तथा इन वर्षों में कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर एनएसयूआई यूथ कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस जिला कांग्रेस किसान कांग्रेस तमाम पदों पर पदाधिकारी के रूप में कार्य करने का अनुभव तथा अवसर प्राप्त हुआ है।

वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता के पद पर नियुक्त हैं कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने में हमेशा तत्पर रहे हैं।

महिला समूह ने बेचा 10 लाख का वर्मी कम्पोस्ट

रायगढ़/नवप्रदेश। शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना आज गांवों में स्वालंबन की नयी तस्वीर खींच रही है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके सृजित करने के दोहरे लक्ष्य के साथ शुरू की गयी योजना के आज सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। गोधन न्याय योजना से पशुपालकों को गोबर बेच कर अतिरिक्त आय कमा रहे हैं और किसानों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से जैविक कृषि के रकबे में विस्तार हो रहा है। तो वहीं इस योजना से जुड़कर वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण करने वाली महिला समूह के लिए ये योजना अपने गांव अपने घर के करीब स्वावलंबन का जरिया साबित हो रहा है। रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के कोडासिया गौठान में महिला समूहों ने अब तक 10 लाख रुपये से अधिक का वर्मी कम्पोस्ट बेचा है। वर्मी कम्पोस्ट निर्माण से मिले आय से महिलाएं अपने घर चलाने में सहभागी बन रही हैं। किसी ने अपने बच्चे की ऑनलाइन पढ़ाई के लिए मोबाइल लिया तो कोई अपनी बेटी को नर्सिंग की पढ़ाई करवा रही है।

गोठान की नोडल अधिकारी ने बताया कि गोठान ग्राम कोड़ासिया में समूह द्वारा अब तक 1002.95 क्वि.वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया है। जिसमें से 10 लाख रुपये से अधिक की राशि का लगभग 1002.75 क्विंटल वर्मी का विक्रय भी महिला समूहों ने कर लिया है। प्राप्त लाभांश राशि का उपयोग महिलाएं अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में कर रही हैं, इसके साथ ही महिलाएं सामूहिक रूप की जाने वाली कृषिगत गतिविधि में भी राशि का उपयोग कर रही हैं।

अंडर 23 की बजाय अंडर 25 का ट्रायल होगा, 20 सितंबर को फिटनेस टेस्ट फिर ट्रायल

रायगढ़/नवप्रदेश। बीसीसीआई के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा क्रिकेट के आने वाले सत्र की घोषणा कर दी गई है। जिसमें अंडर 23 क्रिकेट को बदलकर अंडर 25 कर दिया गया है इस हेतु टीम के लिए ट्रायल 20 सितंबर को फिटनेस टेस्ट स्टेडियम में और ट्रायल संस्कार स्कूल कैम्पस के सीमेंट पिच पर होगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 25 खिलाडियों के सभी मैच अथवा ट्रायल टेस्ट आधार पर होंगे इस कारण से पहले फिटनेस टेस्ट किया जाएगा। फिटनेस टेस्ट के लिए प्रातः 9:00 बजे रायगढ़ स्टेडियम में खिलाडियों को पहुंचने के लिए कहा गया है। जहाँ फिटनेस जाँच समिति के सदस्य जफर उल्लाह सिद्धिकी व अभिषेक गुप्ता द्वारा खिलाडियों का परीक्षण किया जाएगा। दोपहर को 1:00 बजे से खिलाडियों का बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के आधार पर ट्रायल लिया जाएगा। ट्रायल के लिए चयनकर्ता वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार, जफर उल्लाह सिद्धिकी व महेन्द्र साव को मनोनीत किया गया है। संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने ज्यादा से ज्यादा खिलाडियों को ट्रायल में शामिल होने की अपील की है।

यह है नियमावली

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 25 के लिए उम्र की सीमा 1 सितंबर 1996 उम्र सीमा रखी गई है। इसके पूर्व जन्म लेने वाले खिलाड़ी ट्रायल में शामिल नहीं हो पायेंगे। सभी खिलाडियों को अपनी कीट लानी होगी तथा सफेद ड्रेस में आना होगा। राज्यस्तरीय टीम के ट्रायल हेतु 15=15 खिलाडियों को सीएससीएस के निर्देश पर आगे भेजा जाएगा जिसकी जानकारी पृथक से दी जाएगी।

बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ का हुआ वार्षिक अधिवेशन

■ बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ के है पांच उद्देश्य

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के केशकाल ब्लाक अंतर्गत बहीगांव में रविवार 19 सितंबर को बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ, जिसमे बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ के सदस्य शामिल हुए। वार्षिक अधिवेशन की शुरुआत सबसे पहले बंजारा समाज के धर्म गुरु संत सेवालाल महाराज जी के छाया चित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया।

बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ के वार्षिक अधिवेशन में समूह के अध्यक्ष दीपक नायक के द्वारा समूह बनने से लेकर 14 महीनों में किए गए कार्यो का विवरण दिया गया। वही समूह के लक्ष्य के बारे में भी बताए । वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि लोकनाथ राठौर, विशिष्ट अतिथि में नायक, अरुण पमहार, मोती राठौर, विष्णु नायक, मनोज मुछ्वड़, आलेख नायक,

जेआर पवार, बसन्त चौहान, महावीर भारद्वाज, कृष्णा नायक, सन्तोष नायक, श्रीमती ललिता पवार व अन्य समाज के लोगों सहित बंजारा सहायता समूह के सदस्य दीपक नायक, अनुराग नायक, अखिलेश राठौर, बिसाऊ राठौर, पुरषोतम दिलीप नायक, रामकुमार भारद्वाज, संतोष नायक, हेमराज भारद्वाज, किशोर पमहार, मोती चौहान, श्रीमती मनीषा चौहान, श्रीमती राधा पमहार, कमलेश भारद्वाज, विनोद राठौर व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समूह ने पांच उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। समाज के कमजोर व असहाय व्यक्तियों को सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित करना। लोगों को अपने समाज के लिए रचनात्मक कार्यो के लिए प्रोत्साहित करना।

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सहयोग के द्वारा जनहित में समस्त कार्य कर समाज के विकास कार्य मे सहयोग करना। समाजिक धरोहर(समाज के रीति-रिवाज़, बोली-चोली, सभ्यता व संस्कृति) के प्रति युवाओं को प्रेरित करना। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना व संरक्षण संवर्धन करना। निःशक्त, दिव्यांग, कमजोर गरीब, वृद्धजनों पर उनकी सामाजिक आर्थिक मनोवैज्ञानिक एवं देखभाल सम्बंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये विभिन्न प्रकार से मदद के रूप में योजना बनाकर उनका क्रियान्वयन करना।

लायंस इंग्लिश में मना विश्वकर्मा जयंती

जांजगीर/नवप्रदेश। लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल चांपा में श्री विश्वकर्मा जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर स्कूल मैनेजिंग कमेटी के चेयरमेन लायन डॉ. व्हीके अग्रवाल, स्कूल सचिव लायन विनोद अग्रवाल, लायंस क्लब चांपा के सचिव लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन नारायण सोनी, लायन बजरंग अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. व्हीके अग्रवाल एवं उपस्थित लायन पदाधिकारी तथा प्राचार्य अजिता वीके द्वारा भगवान श्री विष्वकर्मा की तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी पूजा-अर्चना की एवं सभी बसों पर पुष्प अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया।

गोकर्ण कथा के साथ प्रारंभ हुआ श्रीमद भागवत महापुराण

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बाजार पारा चौक में अजय पांडे के निजी निवास में मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का मंगलमय समायोजन गोकर्ण कथा के साथ प्रारंभ हुआ। कथा व्यास के रूप में पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज के कृपा पात्र शिष्य आचार्य प्रवर रामप्रताप शास्त्री महाराज व्यास पीठ पर विराजमान हुए। भागवत महापुराण की महिमा पर प्रकाश डालते हुए आचार्य ने कहा कि किसी शास्त्र श्रवण के पूर्व उसकी महिमा का श्रवण करने से निश्चित रूप में शास्त्र में हमारी रुचि बढ़ती है। भगवान के स्वरूप पर विवेचन करते हुए शास्त्री ने कहा कि परमात्मा के तीन रूप होते हैं सत्, चित्, और आनंद और संसार के विषयों से जो हमें आनंद प्राप्त होता है, वह साधन जन्य आनंद होता है जो साधन के समाप्त होने पर स्वतः नष्ट हो जाता है पर भागवत आश्रय से जीव को स्वयं सिद्ध आनंद की प्राप्ति होती है जो कुछ नहीं होने पर भी हमें व्यथित नहीं होने देती सुख दुख लाभ हानि जय पराजय से व्यतीत जीव को ईश्वर आश्रय से शांति की प्राप्ति होती है।

आदिवासी समाज को विकास के मुख्यधारा में जोड़ने के लिए छग सरकार प्रतिबद्ध : मो. अकबर

- मंत्री अकबर ने तालपूर मे आदिवासी गोंड समाज के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा
- तालपुर मे आयोजित आदिवासी गोंड समाज के सम्मेलन में शामिल हुए अकबर भाई

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर लगातार क्षेत्र दौरा कर रहे हैं और लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु प्रतिबद्ध हैं, इसी के मध्य वे अपने पिछले दौरे में शुक्रवार को आदिवासियों के आमंत्रण पर आदिवासी (गोंड) समाज के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने ग्राम तालपुर पहुंचे। जहां उनका ग्रामवासियों एवं आदिवासी समुदाय के लोगों ने गाजे-बाजे, नृत्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत किया।समाज प्रमुखों ने भी उनको पुष्पाहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

इसी बीच समाज प्रमुखों ने स्थानीय सदस्यों एवं सामाजिक बंधुओं के साथ अपने समाज हेतु सामुदायिक भवन बनाने की मांग उनके समक्ष रखी जिससे मंत्री अकबर भाई ने अपने विधायक निधि से आदिवासी (गोंड) समाज के विशेष मांग को पूरा करते हुए आदिवासी (गोंड) समाज तालपूर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की।

आदिवासी (गोंड) समाज के लोगों ने घोषणा उपरांत उनका हृदय से आभार प्रकट करते हुए

तालियों के गड़गड़ाहट के साथ अकबर भाई जिंदाबाद के नारे लगाये।

समाज प्रमुखों ने अकबर भाई को पूरे समाज की ओर से आदिवासी प्रतिक चिन्ह एवं स्मृति भेंट कर उनकी उपस्थिति के लिए आभार प्रकट किया।

कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आदिवासी गोंड समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेशवासियों एवं आदिवासियों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्हे आर्थिक रूप में मजबूत और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर देने के लिए वनोपज सग्रहण के लिए नीतियां बनाई गई है। वनोपज, महुआ का समर्थन मूल्य 17 रूपए से बढ़ाकर 30 रूपए प्रति किलो की दर निर्धारित किया गया है। तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 25 सौ रूपए से बढ़ाकर सीधे 4 हजार रूपए कर दिया गया है। प्रदेश भर में 856 हाट-बाजारों में लघु वनोपज की खरीदी की नई व्यवस्था देने से प्रदेश के किसानों से लेकर वनो में निवारत लाखों वनवासियों एवं आदिवासियों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को समाजिक सुरक्षा का लाभ देने के लिए सहित शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक समाजिक सुरक्षा योजना बनाई गई है। पूरे प्रदेश में इस योजना के तहत तेंदूपत्ता संग्राहक में लगे हुए लगभग 12 लाख 50 हजार संग्राहक परिवारो को समाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि संग्राहक परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर उनके उत्तराधिकारी को 4 लाख रूपए देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के नई सरकार द्वारा लोक व जनकल्याण, किसानों, आदिवासियों और प्रदेश के नागरिकों के आर्थिक उत्थान व उनके सर्वाग्रीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।

दम तोड़ता गढ़ कलेवा : नहीं भा रहे छत्तीसगढ़ी व्यंजन, कुछ ही दिनों में बंद

सैलानियों को आकर्षित करने विधानसभा अध्यक्ष ने किया था शुभारंभ

- राष्ट्रीय उद्यान का गढ़ कलेवा बंद होने से नहीं पहुंच रहे हैं लोग
- विभाग की उदासीनता से महिला स्वसहायता समूह को नही दिया गया जिम्मेदारी

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले में स्तिथ गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में सैलानियों को आकर्षित करने सोनहत के प्रवेश द्वार में ही छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में जिले में खोला गया गढ़कलेवा लोगों को नहीं भा रहा है. शायद इसी वजह से लोग वहां नहीं पहुंच रहे हैं. लोगों को छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्वाद चखाने की सरकार की मंशा पर पलीता लग रहा है ।यही कारण हैं कि इसके सुरु होने के सप्ताह भर के पस्चात ही अब यहाँ ताला लगा रहता हैं ।

दम तोड़ता गढ़ कलेवा कोरिया जिले में राष्ट्रीय उद्यान के विभागीय उदासीनता से सोनहत में नहीं चल रहा जब कि समूह की महिलाओं को इसकी जिम्मेदारी दी जानी थी जो अब तक नही दी गई वही विभाग के प्रभारी अधिकारी के सोनहत मुख्यालय में नही रहने से राष्ट्रीय उद्यान के कर्मचारी भी इसे नही चला पा रहे यही वजह है कि अब यहा ताला लटका हुआ नजर आ रहा ।जबकि गढ़ कलेवा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने राज्य के सभी जिला में गढ़ कलेवा शुरू किया था । प्रदेशवासियों को सस्ते दर पर छत्तीसगढ़ी व्यंजन उपलब्ध कराने गढ़ कलेवा की शुरुआत की गई थी ।जहा कोरिया जिले में शासन की योजना को मूर्त रूप देने प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के कोरिया जिला प्रवास के दौरान सोलह अगस्त को उन्होंने गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र सोनहत अंतर्गत मेन्ड्रा गेट स्थित सोवेनियर शॉप तथा गढकलेवा कैन्टीन का शुभारंभ किया था। डॉ महंत ने सोवेनियर शॉप में सामग्री का अवलोकन कर प्रशंसा की। उन्होंने प्रोत्साहन स्वरूप यहां से सामग्री का क्रय कर स्वयं भुगतान भी किया। इस दौरान भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो तथा संचालक राष्ट्रीय उद्यान भी मौजूद थे किंतु विधानसभा अध्यक्ष जी के जिले से जाते ही विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से अब इस गढ़ कलेवा में ताला लग गया आख़िर वहाँ रखी सामग्री अचानक कहा गायब हो गई क्या विधानसभा अध्यक्ष को खुश करने के लिए केवल दिखावा तो नही किया गया जिससे अब गढ़ कलेवा के बंद होने के पश्चात सोनहत में यह अब सुर्ख़ियों का विषय बना हुआ हैं ।

मिली जानकारी अनुसार इसकी कमान महिला समूह के हाथों में दी जानी थी ताकि महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ सके ।लेकिन कोरिया जिले में राष्ट्रीय उद्यान सोनहत के प्रभारी अधिकारी के मुख्यालय से गायब होने से वर्तमान में विभाग के द्वारा ही संचालन से गढ़ कलेवा दम तोड़ती नजर आ रही है। जबकि जोर-शोर से शुरू की गई गढ़ कलेवा एक महीने में ही दम निकलने लगा है ।जब कि हाल ही में राष्ट्रीय उद्यान को टाईगर रिजर्व की रूप में पहचान मिलने का पहला पड़ाव सुरु हुआ हैं यदि महिला समूह को इसकी जिम्मेदारी दी गई तो संभवत भविष्य में इसका लाभ मिलना स्वाभाविक हैं किंतु अधिकारी समूह के बजाय खुद ही संचालन कर महीने भर में ही अब यहा ताला लगवा दिए हैं जिससे अधिकारी की जिम्मेदारी को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं । जब कि कोरिया जिले के सोनहत में गढ़ कलेवा खोलने का मकसद ही यही था कि यहां आने वाले यात्रियों व सैलानियों को आसानी से अच्छे और सस्ते छत्तीसगढ़ी व्यंजन मिलेंगे. इसके अलावा महिला समूहों की आमदनी भी अच्छी होगी. लेकिन गढ़ कलेवा के बंद होने के कारण ज्यादातर लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है. जिन्हें इसके बारे में पता भी है तो वे बंद होने की वजह से आना भी नहीं चाहते हैं. वहीं प्रचार प्रसार नही होने के कारण कई लोग सोनहत बस स्टैंड के अंदर ही गढ़ कलेवा ढूंढते रह जाते हैं । अब देखना होगा कि कब राष्ट्रीय उद्यान के प्रभारी अधिकारी सोनहत मुख्यालय पहुँचते हैं व कब संज्ञान लेते है और साथ ही कब गढ़कलेवा में रौनक आती है ।

जहरीला सर्प कोबरा को घर से सुरक्षित रेस्क्यू करने में कबीरधाम पुलिस को मिली सफलता

- ग्राम वासियों के द्वारा कबीरधाम पुलिस के डायल 112 के कार्यों की जमकर किया जा सराहना

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के द्वारा डायल 112 के अधिकारी जवानों को आवश्यक निर्देश देकर रायपुर ष्ट4 से प्राप्त होने वाले सभी इवेंट पर बिना विलंब किए जल्द से जल्द पहुंच कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, साथ ही किसी भी प्रकार के घटना दुर्घटना आदि घटित होने पर इवेंट के आधार पर तत्काल संबंधित थाने को उक्त घटना की सूचना देने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक-18/09/2021 को रात्रि 07:18 बजे रायपुर ष्ट4 से डायल 112 के पैंथर 01 सहसपुर लोहारा को सूचना प्राप्त हुआ, कि ग्राम नरोधी में एक घर में जहरीला सांप प्रवेश कर गया है। की सूचना पर तत्काल कॉलर से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर टीम द्वारा ग्राम नरोधी रवाना होकर देखने पर घर के अंदर खाट के ऊपर जहरीला कोबरा सांप बैठा हुआ था। जिस पर तत्काल फॉरेस्ट विभाग सहसपुर लोहारा को फोन कर अवगत कराने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि स्नेक कैचर अभी यहां उपलब्ध नहीं है। स्नेक कैचर हरि साहू नाम का व्यक्ति उड़िया कला में है, उक्त जानकारी पर स्नेक कैचर को डायल 112 वाहन में बैठा कर घटनास्थल ग्राम नरोधी ले जाकर घर के अंदर जहरीला सांप को स्नेक कैचर और डायल 112 की टीम के द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित ढंग से सांप को पकड़ कर डायल 112 वाहन में ले जाकर जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। उक्त घटना की संपूर्ण जानकारी थाना लोहारा को दिया गया इस कार्यवाही में पैंथर 01 डायल 112 के आरक्षक क्रमांक- 910 अनिल बर्वे, चालक अनिल ठाकुर, एवं स्नेक कैचर हरि साहू का सराहनीय योगदान रहा।

विश्वकर्मा भगवान का विसर्जन

खरोरा। शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती-आज विश्वकर्मा जयंती पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को भगवान विश्वकर्मा की स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया । शनिवार को भगवान का विधि विधान से हवन पूजन करके आज विसर्जन किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज संचालक मंडल की बैठक सम्पन्न

- राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहण के बाद हुई पहली बैठक
- अस्पताल एवं कॉलेज संचालन की प्रकिया में तेजी लाने के निर्देश: बजट व्यवस्था के संबंध में हुई विस्तार से चर्चा

रायपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल एवं कॉलेज के अधिग्रहण के बाद यह पहली बैठक थी। बैठक में श्री सिंहदेव अस्पताल एवं कॉलेज की वर्तमान व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और संचालन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत 150 स्टूडेन्ट की निरंतरता एवं सभी संचालित विषयों में पीजी कोर्स शुरू करने के लिए अनुमति लेने की प्रकिया शुरू करने पर सहमति प्रदान की गई। बैठक में मेडिकल कॉलेज के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शासन की अन्य मेडिकल कॉलेजों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सिंहदेव ने अस्पताल और कॉलेज के अधोसंरचना विकास एवं निर्माण संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रारंभिक तौर से आवश्यकता के अनुरूप साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य, चिकित्सा उपकरणों को दूरस्त करने सहित अस्पताल में चाक-चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

सर्व समाज मांगलिक भवन का लोकार्पण करेंगे परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर

कवर्धा। कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर कल नगर पालिका द्वारा 2 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित डॉ. बीआर अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का लोकार्पण कर शहरवासियों को सौगात देगें। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सर्व समाज मांगलिक भवन का निरीक्षण कर आवश्यक कार्य व्यवस्था किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिये।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा 2 करोड़ 19 लाख की लागत से निर्मित डॉ .भीमराव अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन का सौगात देते हुए लोकार्पण कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर कल करेगें। उन्होंने नवनिर्मित सर्वसमाज मांगलिक भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर मांगलिक भवन कैंपस को अच्छे से साफ-सफाई, मुरूम फिलिंग सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने बताया कि डॉ. बीआर अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्मित हो जाने से कवर्धावासियों को छोटे-बड़े सुख दुख कार्यक्रम किये जाने हेतु सुविधा मिलेगा।

कठिया को मिला 35 लाख के विकास कार्यों की सौगात

बेमेतरा । बेरला ब्लाक के ग्राम कठिया के आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एव सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से हाई स्कूल में आहता निर्माण कार्य 10 लाख, सुगम सड़क योजना अंतर्गत पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख, दुर्गा मंच, सतनाम मंच 5 लाख रुपए ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश चतुर्थी व भगवान विश्वकर्मा जयंती सहित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण का भव्य आयोजन रखा गया है।